(ग) यद्यपि श्रम मंत्रालय का बन्द पड़े कारखानों को पुनः खुलवाने की तरह का कोई समय बद्ध कार्यक्रम नहीं है, इसने हाल में राज्य सरकारों को उन सभी एककों के, जो श्रम संकटों के कारण बन्द हुए थे, प्रत्येक मामले का अध्ययन करने और इस प्रकार के एककों को पुनः खुलवाने हेतु प्रयत्न करने के लिए अनुरोध किया है ।

श्री नरेन्द्र कुमार सांघी : मंत्री महोदय द्वारा दिए गए वक्तव्य से ज्ञात होता है कि उन्हें गत तीन माह में औद्योगिक रोज़गार के बारे में हुई वृद्धि के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं । अतः स्पष्ट है कि औद्योगिक रोज़गार में कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

इस पृष्ठभूमि में, मैं जानना चाहता हूं कि बन्द पड़ी मिलों को पुनः चालू कराने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या सरकार का विचार इस सम्बन्ध में एक समिति गठित करने का है जो इस बात पर विचार करे कि घाटे में चल रही मिलों और वे मिलें जो लगभग बन्द होने वाली है, बन्द न होने पाये तथा बन्द पड़ी मिलों को पुनः चालू कराने के लिए भी कुछ उपाय किए जाएं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : इस सम्बन्ध में सदन में एक विधान लाया गया था जिसमें यह व्यवस्था की गई थी कि यदि मालिक मिल बन्द करना चाहते हों तो उन्हें 60 दिन का नोटिस देना होगा । मिलें बन्द होने से रोकने और उनके चालू रहने के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने तथा उन्हें चालू रखने मे सहायता देने हेतु यही एक उपाय था ।

जहां तक प्रश्न के अन्य भाग का संबंध है, प्रत्येक मामले पर विचार करने तथा अगर संभव हो तो अपने नियंत्रण मे लेने का कार्य राज्य सरकारों को सौंप दिया गया है ।

श्री नरेन्द्र कुमार सांघी : चौथी पंचवर्षीय योजना के मध्यावधि मूल्यांकन में कहा गया है कि गैर-सरकारी उद्योगों मे औद्योगिक रोज़गार कम हुआ है । इन उद्योगों में औद्योगिक रोज़गार बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं ?

श्री आर० के० खाडिलकर : जैसा कि मैंने अभी कहा, गत तीन महीनों के आंकड़े मेरे पास उपलब्ध नहीं । जहां तक इस विवरण का संबंध है मैं कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हूं ।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि राज्यवार बन्द हुई मिलों का ब्यौरा क्या है और इन बन्द पड़ी मिलों को कम से कम समय में पुनः चालू करने के बारे में कितनी राज्य सरकारों से मंत्री महोदय को रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं ?

श्री आर० के० खाडिलकर : यदि माननीय सदस्य आंकड़ों में रुचि रखते हैं तो मैं आंकड़े एकत्र करके सभा-पटल पर रख दूंगा । इस समय मेरे पास यह उपलब्ध नहीं ।

जहां तक राज्य सरकारों, विशेष कर पश्चिम बंगाल सरकार का संबंध है, हम इस बात के लिए पुरजोर प्रयत्न कर रहे हैं कि यदि श्रमिक वर्ग समर्थन और सहयोग दे तो बन्द बड़ी मिलों को शीघ्र खोला जाये ।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : लेकिन सरकार कुछ भी नहीं कर रही ।

श्री वसंतराव पुरुषोत्तम साठे : देश में लगभग 70 मिलें बन्द पड़ी हैं और कई मिलें बन्द होने वाली हैं । मिलों में कपड़े का उत्पादन काफी कम हो रहा है । इन दोनों बातों को ध्यान में रखते हुए, क्या सरकार इन मिलों को अपने नियंत्रण में लेने तथा उन्हें भली प्रकार फिर से चालू करने संबंधी किसी योजना पर विचार कर रही है ताकि कपड़े के उत्पादन में तथा रोज़गार में वृद्धि हो ?

श्री आर० के० खाडिलकर : लगभग 60 मिलों को अपने नियंत्रण में ले लिया गया है और उनमें से कुछ राहत उपक्रम है ।

जहां तक कपड़े के उत्पादन तथा अन्य पहलुओं का सम्बन्ध है, यह प्रश्न विदेश व्यापार मंत्री से पूछा जाना चाहिये ।

SHRI K. C. PANDEY : I want to know the name of the State in which the maximum number of mills have been closed down or going to be closed ? Have sugar and cotton mills been closed down in maximum number in U. P. ? If so, the reasons therefor ?

MR. SPEAKER : The hon. Minister says that the information will be laid on the Table of the House.

श्री था किरूतिनन : क्या यह सच है कि कई राज्य सरकारें बन्द पड़ी मिलों को इस कारण खोलने में समर्थ नहीं, कि उन्हें केन्द्र सरकार ने इसके लिए अनुमति नहीं दी ? साथ ही क्या भारत सरकार ने 51 प्रतिशत हिस्सों की भी स्वीकृति नहीं दी है ?

श्री आर० के० खाडिलकर : यह कहना सही नहीं है । यदि प्रारम्भिक जांच के फलस्वरूप पता चलता है कि मिल को चालू किया जा सकता है तो राज्य सरकार निश्चय ही उसके पुनः खोले जाने के लिए प्रोत्साहन देती है। तमिलनाडु में भी एक दो मिलें पुनः खोली गई हैं । सरकार अपने वित्तीय उत्तरदायित्व को निभा रही है ।

SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : The mills which are closing down are mostly old ones. The owners of these take loan from the Government in the name of that industry but divert it to some other industries, and it is for this reason that these industries are closing down. I want to know as to what action the Government have taken for stopping such closure ?

श्री आर० के० खाडिलकर : माननीय सदस्य का कहना ठीक है कि कई मिलें कुप्रबन्ध के कारण बन्द हो गई हैं, क्योंकि मिल मालिकों ने उनसे पूरा फायदा उठाकर उन्हें संकट की स्थिति में छोड़ दिया है या उन्हें चलने की स्थिति में नहीं छोड़ा है । यह बात सही है ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न 496, श्री वेंकट सुब्बया—अनुपस्थित ।

प्रश्न 497, श्री बाल इन्द्रायुतम—अनुपस्थित ।

प्रश्न 498, श्री वरके जार्ज—अनुपस्थित ।

तीनों सदस्य अनुपस्थित हैं । वे प्रश्न कर देते हैं, लेकिन सदन में मौजूद नहीं होते ।

———

Closure of A. C. C. Colliery, Naurozabad (M.P.)

*499. SHRI DHAN SHAH PRADHAN : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether A. C. C. Colliery, Naurozabad in Shahdol district of Madhya Pradesh has been closed down, if so, the reason therefor;

(b) whether about 6000 employees working therein have been rendered jobless; and

(c) the steps proposed to be taken by Government to provide livelihood to the 6000 employees and their families ?

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बालगोविन्द वर्मा) : (क) से (ग). खान में आग लग जाने के कारण और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, खान निरीक्षणालय ने 28 फरवरी, 1972 से खान में सामान्य कार्य बन्द करने का आदेश दिया । लगभग 1300 कर्मचारी प्रभावित हुऐ हैं । कोलियरी के कार्य को पुन: आरम्भ करने के लिए सरकार उपायों और साधनों की जांच कर रही है । आशा है कि एक इन्कलाइन में शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा और लगभग 500 श्रमिक नियुक्त किये जायेंगे । इस बीच में प्रभावित श्रमिकों के लिए इसी प्रबन्धमण्डल की निकटवर्ती कोलियरी में काम ढूंढ़ने की संभावनाओं का निरीक्षण किया जा रहा है । श्रमिकों के लिए अग्रिमों आदि के रूप में वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के प्रश्न की भी जांच की जा रही है ।

SHRI DHAN SHAH PRADHAN : What the inspectors and mining staff was doing when fire broke out in A. C. C. Colliery of Naurozabad on the 28th February and do the Government propose to take any action against them ? I also want to know as to what steps the Government are taking to prevent the fires that break out off and on in the coal mines of the country ?

SHRI BALGOVIND VERMA : It has always been the effort of the Government to take every possible precaution against fire. The inspectors regularly superwise the working of the mines. The hon. Member is well aware that coal produces gas which catches fire easily and no body sets fire. Therefore, no question of taking action against anyone arises.

SHNI DHAN SHAH PRADHAN : In Juhla Colliery, wood is used to support the roof, there is rubbish and filth around and people smoke bidies & cigarettes too. These are the reasons for breaking out of fires. I want to know as to what action Government propose to take to prevent such incidents ?

SHRI BALGOVIND VERMA : The Government has prohibited smoking in coal mines. Coal is also kept soaked in water to prevent it from catching fire and if inspite of this fire breaks out, inquiry is made and if any one is found guilty, he is duly punished.

SHRI R. N. SHARMA : The hon. Minister has stated that workers are being provided with jobs in other collieries of A. C. C. I want to know the name of such a colliery. I also want to know whether gas which caught fire was produced due to negligence of the Department or the management ? What the labour Department has done for payment of lay off compensation to the workers ?

SHRI BALGOVIND VERMA : I am not in a position to give the name of the Colliery.

SHRI R. N. SHARMA : There is no other A. C. C. colliery.

SHRI BALGOVIND SHARMA : I have been told that for the time being, 300 workers are going to be provided with jobs. Regarding the breaking out of fire, inquiries are held and whosoever is found guilty, is duly punished. Mine owners are duty bound to follow the rules framed in this regard. It anyone violates the rules, he is punished. Action is being taken for securing the payment of wages of the workers during the lay off period.

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को मुख्यालय-भत्ता दिया जाना

*500. **श्री शशिभूषण** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय विदेश सेवा (ए) के अधिकारी जब कभी दिल्ली में नियुक्त होते हैं तो उन्हें मुख्यालय-भत्ता मिलता है;

(ख) क्या यह मुख्यालय-भत्ता भारतीय विदेश सेवा (बी) के अधिकारियों को नहीं दिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और भारतीय विदेश सेवा (दी) के अधिकारियों को भी उक्त भत्ता देने के लिए सरकार का क्या उपाय करने का विचार है ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क). भारतीय विदेश सेवा (क) के अधिकारियों को कोई 'मुख्यालय भत्ता' नहीं दिया जाता है, किन्तु मुख्यालय में अवर सचिव अथवा उप सचिव के पद पर जब इनकी नियुक्ति होती है तो वे क्रमशः 200 रु० तथा 300 रु० प्रति माह विशेष वेतन पाने के हकदार होते हैं ।

(ख) भारतीय विदेश सेवा (ख) के अवर सचिव की नियुक्ति जब मुख्यालय में होती है, तो वे किसी विशेष वेतन के हकदार नहीं होते ।

(ग) भारतीय विदेश सेवा (क) के वेतन का ढांचा तथा विशेष वेतन की व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा के पैटर्न पर है । भारतीय विदेश सेवा (ख) के वेतन ढांचा का गठन अगस्त 1956 में मोटे तौर पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के कनिष्ठ सेवा के अनुरूप हुआ था । केन्द्रीय सचिवालय सेवा के कोई भी अवर सचिव/उप सचिव 200 रु० / 300 रु० का विशेष वेतन पाने के हकदार नहीं है । विदेश सेवा के वेतन-मान के ढांचों में संशोधन तथा इससे सम्बद्ध मामले तृतीय वेतन आयोग के विचाराधीन हैं ।

SHRI SHASHI BHUSHAN : The officers of I. F. S(a) cadre used to be given head-quarter allowance. After 1961, this was termed as special pay. I want to know as to why there is difference between the salaries of under-secretaries and deputy secretaries of I. F. S. (A) and I. F. S. (B) cadres when they put in equal amount of work ?

SHRI SURENDRA PAL SINGH : I have told you that the grade structure and special pay of I. F. S. (A) cadre comes under the regulations of I. A. S. The Government has taken same decision about I. F. S(B) cadre and the Second Pay Commission has agreed to that. They should refer their case to the Third Pay Commission which will decide about it.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न करने वाले आधे माननीय सदस्य अनुपस्थित थे । पिछले कुछ दिनों से मैं यही बात देख रहा हूं । यदि माननीय सदस्य हमें समय पर अपनी अनुपस्थिति की सूचना दे दें तो सूची में अन्य प्रश्न रखे जा सकते हैं ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

रोजगार तथा प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए रक्षित रिक्त स्थानों के बारे में सर्वेक्षण

*482. **श्री वी० मायावन** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोजगार तथा प्रशिक्षण महानिदेशालय ने केन्द्रीय सरकार के संस्थानों तथा उपक्रमों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के अभ्यर्थियों के लिए रक्षित रिक्त स्थानों के बारे में सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) आधार सामग्री तैयार कर ली गई है और रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

(ख) सर्वेक्षण के कुछ प्रारम्भिक परिणाम सदन की मेज़ पर रखे विवरण में दिये गये हैं ।

विवरण

समाज कल्याण विभाग के अनुरोध पर रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय ने केन्द्रीय सरकार के प्रतिष्ठानों/उपक्रमों में अनुसूचित जातियों/जन जातियों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों का सर्वेक्षण किया ।

समाज कल्याण विभाग द्वारा घोषित सर्वेक्षण के उद्देश्य निम्नलिखित थे :—

(क) न भरे गए पदों के प्रकार और प्रतिशत मालूम करना,

(ख) पद खाली रहने के कारण मालूम करना,

(ग) रोजगार कार्यालय के चालू रजिस्टर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों की विशिष्टताएं मालूम करना,

(घ) सभी आरक्षित पद भरने के उपाय प्रस्तुत करना,

(ङ) रिक्त स्थानों के लिए भेजे गये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के बारे में नियोजकों के विचार और ऐसे उम्मीदवारों को अस्वीकार करने के उन के कारण मालूम करना / प्राप्त सूचना पर आधारित कुछ प्रारम्भिक परिणाम नीचे दिए गए हैं :—

(i) लगभग 60 प्रतिशत अकुशल रिक्त स्थान रोजगार कार्यालयों द्वारा भेजे गए उम्मीदवारों से भरे गए/न भरे गए रिक्त स्थानों का अनुपात दस्तकारों के संबंध में केवल 17 प्रतिशत, परिवहन संचार श्रमिकों के बारे में 10 प्रतिशत और व्यावसायिक एवं तकनीकी श्रमिकों के संबंध में 23 प्रतिशत है ।

(ii) अनपढ़ों के मामले में अनिसूचित रिक्त स्थानों के प्रति भरे गए रिक्त स्थानों का अनुपात अधिकतम था (अनुसूचित जाति के लिए 54 प्रतिशत और अनुसूचित जन जाति के लिए 40 प्रतिशत) । चूंकि आरक्षित रिक्त स्थानों के लिए शैक्षिक आवश्यकताएं बढ़ गईं, इसलिए भरे गए रिक्त स्थानों के अनुपात में ह्रास होता गया ।

(iii) अक्तूबर-दिसम्बर, 1969 की तिमाही के दौरान रोजगार कार्यालयों को अधिसूचित अधिकांश रिक्त स्थान (60 प्रतिशत) क्लर्कों या अकुशल नौकरियों के संबंध में थे ।

(iv) अधिकांश अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों (71 प्रतिशत) और अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों (59 प्रतिशत) को कोई वृत्तिक या व्यावसायिक प्रशिक्षण या पहले काम करने का अनुभव प्राप्त नहीं था ।

(v) जिन रिक्त स्थानों के लिए व्यावसायिक और तकनीकी योग्यताओं की आवश्यकता थी उनके लिए उम्मीदवार सीमित संख्या में उपलब्ध थे। विशेषकर अनुसूचित जन जातियों में रोजगार कार्यालय उन्हें अधिसूचित किए गए 52 रिक्त स्थानों के लिए केवल 33 उम्मीदवारों की सिफारिश कर सके।

(vi) काफी उम्मीदवारों (लगभग 40 प्रतिशत) ने रोजगार कार्यालयों द्वारा उन्हें भेजी गई कालों का प्रत्युत्तर नहीं दिया।

(vii) 15-5-70 को रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर में दर्ज अनुसूचित जाति के 69 प्रतिशत व्यक्ति और अनुसूचित जन-जाति के 79 प्रतिशत व्यक्ति मैट्रिक से कम पढ़े लिखे थे। स्नातक तथा स्नाकांचर केवल 2 से 3 प्रतिशत थे।

(viii) नियोजकों ने सूचित किया कि आरक्षित पदों के भरे जाने में बाधक मुख्य कारण भी थे :—(क) उम्मीदवारों द्वारा लिखित/मौखिक परीक्षा में निर्धारित स्तर तक न पहुंचना (ख) चुने गए उम्मीदवारों में गतिशीलता की कमी (ग) मेडिकल अनफिटनेस, (घ) योग्यता प्राप्त उम्मीदवार उपलब्ध न होना और (ड) अपेक्षित योग्यताओं वाले उम्मीदवारों से पर्याप्त प्रत्युत्तर का अभाव।

रत्नगिरि (महाराष्ट्र) में एल्यूमिनियम परियोजना की स्थापना

*484. **श्री एम. एस. शिवस्वामी** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रत्नगिरि (महाराष्ट्र) में कोई एल्यूमिनियम परियोजना स्थापित करने का निर्णय किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या है तथा उन पर कितनी लागत आयेगी; और

(ग) यह कब तक स्थापित की जायेगी ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस. मोहन कुमारमंगलम्) : (क) जी, हां।

(ख) रत्नगिरि (महाराष्ट्र) में स्थापित किए जाने वाले ऐलूमिनियम संयंत्र से ऐलूमिनियम धातु के 50,000 टन और ई. सी. ग्रेड तार छड़ों के 25,000 टन का वार्षिक उत्पादन होगा।

इसमें बाक्साइट खनन और ऐलूयिना संनिर्माण के लिए सहायक सुविधाएं होगी। एकीकृत प्रायोजना की पूंजीगत लागत का लगभग 68 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

(ग) संयंत्र के प्रावस्थाओं में चालू होने की संभावना है जो 1975-76 से प्रारंभ होगी।

इस्पात के लिए विकास योजना

*485. **श्री एम. एम. जोजफ :**

श्री मुहम्मद शरीफ :

क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इण्डियन इन्जीनियरिंग एसोसिएशन ने हाल में इस्पात के लिए एक दस-वर्षीय विकास योजना का सुझाव दिया था; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस. मोहन कुमारमंगलम्) : (क) इण्डियन इन्जीनियरी एसोसियेशन ने इस विषय में सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। फिर भी 29 मार्च, 1972 को संगठन के वार्षिक अधिवेशन में भाषण देते हुए इण्डियन इन्जीनियरी एसोसियेशन के अध्यक्ष ने सुझाव दिया था कि सरकार को इस्पात के विकास की 5 और 10 वर्ष की योजना बनाने और उसे प्रकाशित करने पर विचार करना चाहिए।

(ख) इण्डियन इन्जीनियरी एसोसियेशन के अध्यक्ष ने इस्पात विकास की 5 और 10 वर्ष की योजना बनाने और प्रकाशित करने के सुझाव के अलावा यह भी सुझाव दिया था कि उत्पादन में वृद्धि के विचार से सभी प्राप्त साधनों का उपयोग करना चाहिए जिनमें निजी क्षेत्र के इस्पात कारखानों की क्षमता का विस्तार भी शामिल हो तथा इस्पात के अनुभागों को युक्तिसंगत बनाना चाहिए और इस्पात पर आधारित उत्पादन तथा निर्यात की वृद्धि के लिए अनुसंधान और विकास कार्य सुव्यवस्थित ढंग से किया जाना चाहिए।

सरकार इन मामलों पर पूरी तरह ध्यान दे रही है। 1980 तक तथा इसके बाद इस्पात की मांग के अस्थायी अनुमान तैयार किये गये हैं। उत्पादन क्षमता में वृद्धि का आयोजन करते समय निजी क्षेत्र के वर्तमान इस्पात कारखानों के विस्तार को भी ध्यान में रखा गया है। सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों में इस्पात अनुभागों को बेलन के लिए युक्तिसंगत बनाने का कार्य एक सतत प्रक्रिया है जिसकी समय-सयय पर समीक्षा की जाती है। केन्द्रीय लोहा और इस्पात अनुसंधान बोर्ड की स्थापना के प्रश्न पर सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड का राष्ट्रीयकरण

*491. **श्री डी. पी. जदेजा** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड का राष्ट्रीयकरण करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम्) : (क) सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

नए इस्पात संयंत्र के बारे में राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् का प्रतिवेदन

*493. **श्री आर० पी० उलगनम्बी :**

श्री एस० आर० दामाणी :

क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद् ने सलेम, होसपेट और विशाखा-पत्तनम में नए इस्पात संयंत्रों के लिए 'प्राडक्ट-मिक्स' के बारे में अपना अन्तिम प्रतिवेदन पेश कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम्) : (क) और (ख). जुलाई 1970 में राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् से 1975 और 1980 में सभी प्रकार के लोहे और इस्पात की राष्ट्रीय मांग के बारे में एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया था। राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् को सेलम, विशाखापत्तनम् और मैसूर राज्य में हास्पेट के निकट (विजयनगर इस्पात कारखाना) स्थापित किये जाने वाले नये इस्पात कारखानों के लिए विशेष रूप से प्राडक्ट मिक्स के बारे में ही रिपोर्ट तैयार करने को नहीं कहा गया था परन्तु नये इस्पात कारखानों के 'प्राडक्स-मिक्स' के बिभिन्न विकल्प तैयार करने हेतु 1980 में इस्पात की मांग के पूर्वानुमान के बारे में इसकी रिपोर्ट का लाभ उठाने का विचार था और ऐसा किया भी गया। प्रत्येक नये इस्पात कारखाने के 'प्राडक्स-मिक्स' के बारे से अन्तिम रूप से निर्णय अभी नहीं लिया गया है।

दुर्गापुर इस्पात परियोजना के लिये मशीनों का आयात

*496. **श्री पी० वेंक्टासुब्बया** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भण्डार करने की कोई पूर्व योजना बनाए बिना दुर्गापुर इस्पात परियोजना में तीन करोड़ रुपये की मशीनों का आयात किया गया था;

(ख) क्या इन्हें खुले में रख दिया गया था और जब इन्हें लगाने के लिए इनकी आवश्यकता हुई तब वे मरम्मत योग्य भी नहीं रहीं थी; और

(ग) इस लापरवाही के क्या कारण है और इस मामले में उत्तरदायित्व निश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम्) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

———

पश्चिम जर्मनी द्वारा भारत को इस्पात सम्बन्धी विशेष जानकारी देने की पेशकश

*497. **श्री के. तालदन्डायुतम** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिम जर्मनी ने भारत को इस्पात सम्बन्धी विशेष जानकारी देने की पेशकश की है;

(ख) यदि हां, तो उसकी शर्तें क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने वह पेशकश स्वीकार कर ली है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम्) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

———

भिलाई इस्पात कारखाने में वृहत प्लेट मिल का लगाया जाना

*498. **श्री वरके जार्ज** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस्पात की चौड़ी प्लेटें बनाने के लिए, जिनकी जहाज बनाने और भारी इंजीनियरी कार्यों के लिए आवश्यकता पड़ती है, भिलाई इस्पात कारखाने में एक वृहत प्लेट मिल लगाने का कोई प्रस्ताव हैं;

(ख) यदि हां, तो प्लेट मिल की अनुमानित लागत कितनी है; और

(ग) क्या सेंट्रल इंजीनियरिंग एण्ड डिजाइन ब्यूरो द्वारा अमेरिकन लाइसेंसर्स के साथ किए गए खर्चीले डिजाइन जानकारी के करार के फलस्वरूप यह ब्यूरो आधुनिक प्लेट मिल का डिजाइन तैयार कर सकेगा ?

इस्पात और खानमंत्री (श्री एस० मोहन कुमारमंगलम्) : (क) जी, हां । चौड़ी प्लेटें तैयार करने वाली प्रस्तावित मिल में तैयार की जाने वाली प्लेटें बहुत से उद्योगों में जिन में जहाज बनाने तथा भारी इंजीनियरी के कारखाने भी शामिल है काम में लायी जाएंगी ।

(ख) मिल की लागत के अनुमान विस्तार योजना के लिए विस्तृत प्रयोजना प्रतिवेदन तैयार हो जाने के पश्चात् ही उपलब्ध हो सकेंगे । केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो इस समय यह रिपोर्ट तैयार कर रहा हैं ।

(ग) हिन्दुस्तान स्टील लि० (केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो) द्वारा अमरीका की युनाइटेड इंजीनियरिंग एण्ड फाउण्ड्री कम्पनी के साथ किए गए करार में बेलन मिल उपकरणों (चौड़ी प्लेट मिल के उपकरण भी शामिल है) के रूपांकन और निर्माण की जानकारी के स्थानांतरण की भी व्यवस्था है ।

एशियन रिफ्रेक्टरीज लिमिटेड में उत्पादन

3359. **श्री स्वर्णसिंह सोखी** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एशियन रिफ्रेक्टरीज लिमिटेड में, जिसको सरकार ने अक्तूबर, 1971 में अपने नियंत्रण में लिया था, अब तक उत्पादन आरम्भ नहीं हुआ हैं; और

(ख) क्या कलकत्ता उच्च न्यायालय और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में कोई मुकदमा अनिर्णीत पड़ा है और कम्पनी के भूतपूर्व मालिकों द्वारा 'स्टे-आर्डर' लिया गया है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) जी, नहीं । फिर भी यथा शीघ्र, उत्पादन आरम्भ करने के लिए उपाय किए जा रहे है ।

(ख) सरकार को कलकत्ता उच्च न्यायालय अथवा भारतीय सर्वोच्य न्यायालय में अनिर्णीत पड़े किसी मुकदमे का नोटिस नहीं मिला है और न ही कोई स्टे-आर्डर मिला है ।

कोयला और गैर कोयला खानन उद्योग के लिए उपकरणों का आयात

3360. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या करकार को पता है कि प्राइवेट फर्में पश्चिम यूरोप, ब्रिटेन और अमरीका से कोयला और गैर-कोयला खानन उद्योग के लिए बहुत से उपकरण, मशीनें तथा फालतू पुर्जे आयात कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं और इस पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च होती है; और

(ग) ये उपकरण देश में बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है और उनका क्या परिणाम निकला है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) से (ग). अपेक्षित जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रखी जाएगी ।

Setting up of Aluminium Plant in Madhya Pradesh

3361. SHRI G. C. DIXIT : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether large deposits of Bauxite ore are available in Madhya Pradesh; and

(b) if so, whether Government propose to set up an Aluminium Plant there ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) The total reserves of bauxite in Madhya Pradesh are estimated to be about 52.9 million tonnes, of which measured and indicated reserves of metal grade bauxite are about 31.5 million tonnes.

(b) In addition to the existing aluminium smelter at Renukoot (U.P.) in the private sector, which is utilising the bauxite deposits in Madhya Pradesh, an integrated aluminium plant is being established at Korba in the Public sector based on the bauxite deposits available in that State.

वर्मा और श्रीलंका के विस्थापितों के लिये 'ओल्ड पीपल्स होम'

3362. **श्री सी० चित्तिबाबू** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या बर्मा और लंका के वृद्ध और अपंग शरणार्थियों के लिये मैसूर में मून्दमोड के नमूने को एक 'ओल्ड पीपल्स होम' बनाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या बर्मा और लंका के इन वृद्ध और अपंग विस्थापितों के लिये कोई वैकल्पिक प्रस्ताव विचाराधीन है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर): (क) और (ख). जी, नहीं। तथापि, बर्मा के आये वृद्ध और अपंग व्यक्तियों की देख-भाल आंध्र प्रदेश के जिला विशाखापट्टनम् में कचरापलेम में उनके लिए विशेष रूप से स्थापित किए गए गृह में केन्द्रीय सरकार द्वारा की जा रही है। अन्य राज्यों में इस प्रकार के व्यक्तियों के भरण-पोषण के लिए नकद अनुदान दिया जाता है श्रीलंका से आए वृद्ध और अपंग व्यक्ति यदि वे लंका से अपनी परिसम्पत्तियां या बचाया हुआ धन साथ न लाए हों तो उन्हें भी उस समय तक नकद अनुदान दिया जाता है, जब तक कि प्रशिक्षण आदि के द्वारा उनका पुनर्वास नहीं कर दिया जाता। उनके लिए कोई गृह स्थापित नहीं किया गया है।

Expenditure incurred on Development of Mines in Madhya Pradesh by N.M.D.C.

3363. SHRI G. C. DIXIT : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether the National Mineral Development Corporation propose to spend money on the development of the mines of Madhya Pradesh ; and

(b) if so, the amount thereof and the expenditure incurred so far thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) Yes, Sir.

(b) The total estimated capital cost of Bailadila Iron ore deposit No. 14 and Panna Diamond mines, already developed by the N. M. D. C., is about Rs. 32.26 crores, of which the expenditure already incurred till 1971-72, is about Rs. 29 crores.

The estimated capital cost of Bailadila iron ore deposit No. 5, which is under construction, is about 50 crores (tentative) of which about Rs. 12.22 crores has already been incurred upto 1971-72.

Besides, the N.M.D.C., have also undertaken detailed exploration of Bailadila iron ore deposit No. 4 at an estimated cost of Rs. 28.47 lakhs. A scheme for the expansion of Majhgawan diamond mine in Panna is also being prepared by the N.M.D.C. Ltd.

E. P. F. in Cotton Textile Mills and other Industries in Madhya Pradesh

3364. SHRI G. C. DIXIT : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of members from Cotton Textile Industry and other factories in Private Sector in Madhya Pradesh included in the Provident Fund Scheme upto the 31st October, 1971;

(b) whether the results of this scheme have been encouraging; and

(c) the steps being taken by Government to make it a success and bring it on proper footing ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : The Provident Fund Authorities have reported as under :—

(a) Separate figures in respect of Cotton Textile Industry are not available. However, the number of members from textile industry in private sector in Madhya Pradesh included in the Provident Fund Scheme upto the 31st October, 1971 is 45,375 (exclusive of 13,067 members in five Textile Mills run by the Authorised Controllers). In other private factories, the corresponding figure is 1,61,872.

(b) From the increasing trend in the membership from year to year and the average amount of the claims received by outgoing members as also the number and amount of advances availed of by members, it can be said that the results of the Scheme have been encouraging.

(c) Government have under consideration proposals for making the penal provisions of the Act more deterrent to check defaults on the part of employers in payment of provident fund dues.

Family Pension Scheme in Textile Mills in Madhya Pradesh

3365. SHRI G. C. DIXIT : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of workers in textile mills in Madhya Pradesh who have accepted the family pension scheme upto the 31st October, 1971 and the number of workers working in textile mills in Madhya Pradesh;

(b) whether labourers have shown no interest in the said scheme; and

(c) if so, the action being taken by Government to popularise it ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) The Provident Fund Authorities have intimated that as on the 31st October, 1971, out of 0.58 lakh provident fund members in Textile Mills in Madhya Pradesh, 0.13 lakh members have joined the Employees' Family Pension Scheme, 1971.

(b) and (c). The response to the Scheme has not been as encouraging as expected. It is proposed to allow the Scheme to operate for some time before a proper evaluation is made.

Implementation of Coal Mines Wage Board Recommendations by Private Coal Mines in Madhya Pradesh

3366. SHRI G. C. DIXIT : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether the recommendations of the Central Wage Board for Coal Mining Industry were accepted by the Government more than four years back;

(b) whether several private coal mines in Madhya Pradesh have not implemented these recommendations so far;

(c) whether the management have not so far made any change in their attitude despite the fact that several representations have been made to the management and higher authorities in this regard; and

(d) if so, the action taken by Government in this regard ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) Yes.

(b) There are 39 collieries in the private sector. Of these, two have implemented the recommendations in full and the remaining 37 have done so partially, the main deviations being in respect of dearness allowance.

(c) and (d). The officers of the Central Industrial Relations Machinery have been making and they continue to make efforts to persuade the concerned managements to implement the recomendations.

शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये मंत्री द्वारा बंगला देश का दौरा

3367. **श्री समर गुह** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वदेश लौटे शरणार्थियों के पुनर्वास की समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए पुनर्वास मंत्री या उपमंत्री बंगला देश गये थे; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

पश्चिम बंगाल में पुनर्वास कार्य पुनर्विलोकन समिति का पुनर्गठन

3368. **श्री समर गुह** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल में शरणार्थी पुनर्विलोकन समिति को पुनर्गठित करने का कार्य आरम्भ हो गया है;

(ख) यदि हां, तो पुनर्गठित समिति के सदस्यों के नाम क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस मामले में बिलम्ब के क्या कारण हैं और समिति का पुनर्गठन कब तक हो जायेगा ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० खाडिलकर) : (क) से (ग). समीक्षा समिति गत पांच वर्षों से अधिक अवधि से कार्य कर रही है और इसको जो काम सौंपे गए थे उसके पर्याप्त भाग को इसने पहले ही पूरा कर लिया है। अवशिष्ट कार्य के भी शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। इस को ध्यान में रखते हुए इस अवस्था में सरकार समिति के पुनर्गठन का विचार नहीं रखती।

भारतीय रेड क्रास द्वारा बंगला देश के शरणार्थियों के लिए धन एकत्र किया जाना

3369. **श्री वयालार रवि** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रेड क्रास द्वारा बंगला देश के शरणरणार्थियों के पुनर्वास के लिए एकत्र की गई धनराशि के बारे में सरकार के पास कोई हिसाब किताब है; और

(ख) यदि हां, तो उन्होंने कुल कितनी धनराशि एकत्र की है और कुल कितनी राशि खर्च की है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

मैग्नीशियम का वाणिज्यिक स्तर पर उत्पादन

3370. **श्री देवेन्द्रसिंह गरचा** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैग्नीसाइट ब्राइन और सी बिटर्न जैसे कच्चे माल के बहुत बड़े भण्डार के बावजूद देश में मैग्नीशियम का बाणिज्यक स्तर पर उत्पादन नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार ने इसका वाणिज्यिक स्तर पर उत्पादन करने के लिये क्या कार्यवाही की है या करने का विचार है ?

इस्पात और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) से (ग). राष्ट्रीय धातुकर्मीय प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने 200 टन से 250 टन मैग्नीशियम प्रतिवर्ष की उत्पादन क्षमता

वाले संयंत्र को प्रतिष्ठापित किया है। उनका मैग्नीशियम के उत्पादन का प्रावस्थानुसार कार्यक्रम निम्न प्रकार से है :—

1972	175 से 200 टन
1973	225 टन
1974	250 टन

केन्द्रीय विद्युतरसायनिक अनुसंधान संस्थान, कराइकुडी भी मैग्नीशियम के कुल 72 से 75 टन प्रतिवर्ष उत्पादन के लिए 10,000 एम्पीयर वाले 4 कक्षो को प्रतिष्ठापित कर रहा है। प्रथम कक्ष जनवरी, 72 में प्रतिष्ठापित किया गया। द्वितीय कक्ष मई, 72 में चालू किया जाएगा। अगस्त, 72 में पूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जायेगा।

———

दिल्ली में रोजगार कार्यालयों में दर्ज बेरोजगारों की संख्या

3371. **श्री अम्बेश** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में रोजगार कार्यालय में कितने शिक्षित तथा अशिक्षित व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं; और

(ख) इनमें से उन अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्होंने अपने नाम हिन्दी तथा अंग्रेजी अशुलिपिकों के पदों के लिए दर्ज करा रखे हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) :

(क) वर्ग	31-12-1971 का चालू रजिस्टर में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
1. शिक्षित (मैट्रिक पास तथा अधिक योग्यता वाले)	76,582
2. अशिक्षित (मैट्रिक से कम जिनमें अनपढ़ भी शामिल हैं)	62,638
कुल :	1,39,220

(ख) वर्ग	31-12-1971 को चालू रजिस्टर में दर्ज काम चाहने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की संख्या
1. अंग्रेजी के आशुलिपिक	5
2. हिन्दी के आशुलिपिक	10

भारत और बंगला देश के बीच सम्बन्ध खराब करने के लिये प्रयत्नशील देश

3372. **श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या विदेश मंत्री** यह बताते कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री ने ढाका में एक प्रेस सम्मेलन में इस बात का संकेत दिया था कि कुछ देश भारत और बंगला देश के बीच सम्बन्ध खराब करने का प्रयत्न कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) ढाका में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधान मंत्री से इस तरह का एक प्रश्न पूछा गया था; प्रधान मंत्री के उत्तर का पाठ सदन की मेज पर रख दिया गया है ।

(ख) सरकार उन लोगों को—जो अब भी इस क्षेत्र में अस्थिरता लाना चाहते हैं—इस ओर से आश्वस्त करने का निरंतर प्रयत्न कर रही है कि इस क्षेत्र के लोगों में शांति, प्रगति और पड़ोसियों के साथ अच्छे सम्बन्धों की जो लालसा है उसे सब जगह से समर्थन मिलना चाहिए ।

विवरण

मैं नहीं समझती कि नाम बताने से कोई फायदा होगा । मैं समझती हूं कि उन लोगों को सभी जानते हैं जिन्होंने बंगला देश की मुक्ति का सदा विरोध किया और जो अत्याचारों, हत्याओं, बलात्कारों आदि के बारे में समाचार-पत्रों के संवाददाताओं के, बंगला देश के नहीं उनके अपने संवाददाताओं के, लिखे को स्वीकार करने को तैयार नहीं थे । अब मुझे ऐसा लगता है कि इसमें से कुछ लोग इस बात में बहुत दिलचस्पी ले रहे हैं कि किसी तरह यह सिद्ध हो जाए कि वे ही ठीक थे, हम नहीं । हमने कहा था कि बंगला देश आजाद होगा । बंगला देश एक नवजात देश है जो प्रगति करेगा और जिसका भविष्य अच्छा है । लेकिन मैं यह नहीं जानती कि शुरू में जो लोग इस सब के खिलाफ़ थे वे अब इस इच्छा का हृदय से समर्थन करते हैं या नहीं । यह तो साफ है कि वे अब कुछ खुलकर तो कह नहीं सकते क्योंकि बंगला देश एक वास्तविकता है, लेकिन मैं समझती हूं कि ये लोग इस उपमहाद्वीप को कमजोर करना चाहेंगे क्योंकि सदा से उनकी यही नीति रही है। यह सिर्फ बंगला देश का ही सवाल नहीं है । कुछ राष्ट्रों की यह नीति रही है कि इस उपमहाद्वीप को कमजोर बनाए रखा जाए । भारत के सिलाफ लड़ने के लिए पाकिस्ता को भड़काने का यही उद्देश्य था ।

श्रमिकों को सरकारी उपक्रमों के शेयर खरीदने की अनुमति

3373. **श्री रणबहादुर सिंह : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने श्रमिकों को सरकारी उपक्रमों के शेयर खरीदने की अनुमति देने का निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) और (ख). केन्द्रीय सरकार के सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में श्रमिकों द्वारा शेयर खरीदने से सम्बन्धित एक योजना विचाराधीन है।

अमरीका का झूठा प्रचार

3374. **श्री नवल किशोर शर्मा** : क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान अमरीका के सैन्य विभाग (डिपार्टमेंट आफ आर्मी) से जारी किये गये दिनांक 17 फरवरी, 1972 के पत्र की एक फोटोस्टेट प्रतिलिपि की ओर दिलाया गया है जो 16 मार्च, 1972 के **'हिन्दुस्तान टाइम्स'** में प्रकाशित हुई है और जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि बंगला देश के शासक हिन्दू हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में भारत सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

विदेश मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी हां।

(ख) भारत सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की क्यों कि ऐसा महसूस किया गया था कि यह खबर इस कदर गलत और बेबुनियाद है कि हमारी ओर से न तो इसके प्रतिकार की आश्यकता है और न प्रतिक्रिया की।

बंगला देश को शरणार्थियों की वापसी के लिये अन्तर्राष्ट्रीय सहायता

3375. **श्री इंद्रजीत गुप्त** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगला देश को शरणार्थियों की वापसी की व्यवस्था करने में किसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन या किसी अन्य देश ने हमारी सहायता की थी; और

(ख) यदि हां, तो उन्होंने कहां तक हमारी सहायता की थी ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) जी, हां।

(ख) संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थियों के हाई कमीशन ने बंगला देश के शरणार्थियों के प्रत्यावासन के लिए 10,000,000, (7.20 करोड़ रुपये के बराबर) डालर नकद दिए हैं।

कोयम्बटूर में कपड़ा मिलों में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

3377. **श्री पी० वेंकटसुब्बया :**
श्री ए० के० गोपालन :

क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष फरवरी में कोयम्बटूर की कपड़ा मिलों में काम करने वाले कर्मचारियों ने हड़ताल की थी;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगें क्या हैं; और

(ग) इस मामले में कौन से कदम उठाये गए हैं ?

श्रम और पुनर्वास मन्त्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). श्रमिकों द्वारा 19 मांगें प्रस्तुत की गई थीं और तमिलनाडु सरकार द्वारा, जो कि इस मामले में उचित सरकार है, उनके प्रतिनिधियों के साथ हुई बात चीत के फलस्वरूप एक समझौता हुआ था। इस समझौते के फलस्वरूप 11/12 मार्च, 1972 की मध्य रात्रि को हड़ताल वापस ले ली गई थी।

Distribution of Steel by Hindustan Steel Depot, Indore (Madhya Pradesh)

3378. SHRI PHOOL CHAND VERMA : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a the total quota of steel allotted by the Hindustan Steel Depot, Indore (Madhya Pradesh) to the various industrial establishments and individuals during the period from 1st April, 1971 to 31st January, 1972 ; and

(b) the names of such industrial establishments and individuals as have regularly been allotted quota during this period on year to year basis ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Decline in Production of Steel in Public Sector Steel Plants

3379. SHRI PHOOL CHAND VARMA : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether the production of Steel has declined in the public sector steel plants of Bhilai, Durgapur and Rourkela in the country in January, 1972, as compared to that in December 1971 ; and

(b) if so, the reasons therefor and the steps proposed to be taken by Government to ensure that the production of steel does not decline in future ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) The total production of saleable steel from the public sector steel plants, at Bhilai, Durgapur and Rourkela in the month of January, 1972 was higher than that in December, 1971.

(b) Does not arise in view of reply to (a) above.

Production Capacity of Khetri Copper Project

3380. DR. LAXMINARAIN PANDEY : Will the Minister of STEEL AND MIENS be pleased to state :

(a) the installed production capacity of Khetri Copper Project ; and

(b) the present position in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) and (b). The Khetri Copper Project is being developed for the production of 31,000 tonnes of electrolytic grade of copper metal per annum. The ore at Khetri & Kolihan is a sulphide one. The sulphur values of the ore will be used for the production of 600 tonnes of sulphuric acid per day which will in turn be used for the production of about 2 lakh tonnes of Triple Super Phosphate fertilizer per annum. The Project is still under construction. According to the revised time schedule, the concentrator plant will be commissioned by March, 1973. Smelter and Refinery will be commissioned by December, 1973. Acid-cum-fertilizer Plant is expected to be commissioned in February, 1974. The Project will be fully commissioned by last quarter of 1973-74.

त्रिपुरा में पारपत्र प्राधिकरण की स्थापना

3381. **श्री बीरेन दत्त** : क्या **विदेश मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगला देश के लिये पारपत्र जारी करने के लिये त्रिपुरा में कोई पारपत्र प्राधिकरण स्थापित किया गया है; और

(ख) इस कार्य के लिये नियुक्त अधिकारियों का ब्यौरा क्या है ?

विदेश मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : "भारत और बंगला देश के बीच यात्रा के लिए एक विशेष प्रमाणपत्र" द्वारा बंगला देश की यात्रा नियमित होती है जो 'भारत के राजपत्र—असाधारण—भाग 2—खण्ड 3—उप खण्ड (एक)' में प्रकाशित विदेश मंत्रालय की अधिसूचना सं० जी. एस. आर. 59 (ई) में विहित है।

इस राज्य में दो अधिकारियों को ऐसे प्रमाणपत्रों को जारी करने का अधिकार दिया गया है।

(ख) इस उद्देश्य के लिए प्राधिकृत अधिकारी ये हैं :

1. उप सचिव, त्रिपुरा सरकार, गृह (राजनीतिक विभाग) पासपोर्ट अनुभाग, अगरतला ।

2. त्रिपुरा सरकार के अवर सचिव, राजनीतिक विभाग, अगरतला ।

Mineral Deposits in Almora District (U. P.

3382. SHRI NARENDRA SINGH BISHT : will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether rich deposits of cement have been found in Khartti Patti of Almora district (U. P.) ;

(b) whether any other mineral deposits have also been found in this area ; and

(c) the time by which the glass deposits of Khartti Patti would be exploited ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) and (b). No, Sir.

(c) Does not arise.

Setting up of Magnesite Factory in Almora (U. P.)

3383. SHRI NARENDRA SINGH BISHT : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether a magnesite factory is being set up in Jhiroli in Almora District (U. P.) ;

(b) if so, the production capacity and the estimated cost thereof ;

(c) the number of persons likely to be employed therein ; and

(d) the time by which the factory would start production ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Return of Bangla Desh Refugees in Orissa and Madhya Pradesh

3384. SHRI JAGANNATHRAO JOSHI : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state the number of old refugees of Malkanagiri and

Amarkot in Orissa and also of Paralkote in Madhya Pradesh who have returned or have expressed their willingness to return to Bangla Desh ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : According to information received from the Dandakaranya Project Administration, 3,337 families had left the rehabilitation sites and villages upto 31st March, 1972. In addition, 3,105 families had left from the camps in Dandakaranya upto 25-3-1972. The information regarding the Zone-wise break-up of these families is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

These families left the Project on their own and would presumably have gone towards Bangla Desh.

———

भिलाई में दूसरे 'सिंटरिंग' संयंत्र का निर्माण

3385. **श्री वी० मायावन** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि भिलाई के दूसरे सिंटरिंग संयंत्र का निर्माण इस समय किस अवस्था में है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : स्थल तैयार करने का काम हो रहा है, (जिसमें समतलीकरण तथा टुंडला नहर को मोड़ने का कार्य भी शामिल है) । मुख्य सिविल इंजीनियरी के कामों का ठेका मेसर्स हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लि० को दिया गया है । 50 प्रतिशत उपकरणों के लिए आर्डर दे दिए हैं और बाकी उपकरणों के आर्डर दिए जा रहे हैं । प्रायोजना को दिसम्बर 1974 के अन्त तक पूरा करने का कार्यक्रम है ।

———

भिलाई में 'रेफ्रेक्टरी' संयंत्र

3386. **श्री वी० मायावन** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भिलाई में रिफ्रेक्टरी संयंत्र का निर्माण इस समय किस अवस्था में है ?

इस्पात और खान मन्त्रालय में राज्यमन्त्री (श्री शाह नवाज खां) : इस समय केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरों कारखाने का विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन तैयार कर रहा है ।

———

डल्ली खानों का मशीनीकरण

3387. **श्री वी० मायावन** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि डल्ली खानों का मशीनीकरण इस समय किस अवस्था में है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खान) : औद्योगिक स्थल के समतल करने तथा तैयार करने का कार्य पूरा हो गया है । मुख्य सिविल इंजीनियरी कार्य का ठेका

मेसर्स हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कन्सट्रक्शन लि० को दिया गया है । अधिकतर उपस्करों के लिए आर्डर दिये जा चुके हैं तथा कुछ यातायात उपस्कर आ चुके हैं । कार्यक्रम के अनुसार यह प्रायोजना दिसम्बर, 1974 में पूरी हो जायेगी ।

राऊरकेला में कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरियंटेड शीटों के उत्पादन के लिए संयंत्र

3388. **श्री वी० मायावन** : क्या **इस्पात और खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि राऊरकेला में कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरियंटेड शीटों में निर्माण के लिये संयंत्र का निर्माण इस समय किस अवस्था में है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खान) : राऊरकेला में कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरियंटेड चादरों की प्रायोजना की स्थापना के लिए बिदेशों सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत किए गए करार के प्रारूप पर अभी बातचीत चल रही है ।

भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं के लिये नौकरियां

3389. **श्री रामसहाय पांडे** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देशभर के रोजगार कार्यालयों में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों की पात्र विधवाओं तथा उनके परिवारों के अन्य सदस्यों के नाम दर्ज करने और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नौकरियां देने के बारे में कोई प्रबंध किये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में किये गये प्रबंधों की मोटी रूपरेखा क्या है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : युद्ध में शहीद हुए रक्षा सेवा कर्मचारियों के आश्रिताओं को शीघ्र रोजगार दिलाने के लिए ये अनुदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं कि समस्त देश में केन्द्रीय सरकार के प्रतिष्ठान श्रेणी iii और iv के पद रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय, नई दिल्ली, में स्थापित भूतपूर्व सैनिक सेल (Ex-Servicemen Cell) को अधिसूचित करें । इसके साथ-साथ ये आदेश भी जारी किए गए हैं कि रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशक युद्ध में शहीद हुए रक्षा सेवा कर्मचारियों के आश्रितों का ब्यौरा इस सेल को उपलब्ध कराए ।

इस सेल द्वारा आश्रितों को केन्द्रीय सरकार के श्रेणी-iii और iv के पदों के रिक्त स्थानों के लिए भेजा जाता है ।

उन्हें शीघ्र नौकरी दिलाने के लिए, भूतपूर्व सैनिक सेल द्वारा सम्बन्धित रोजगार कार्यालय को भी आश्रितों का ब्योरा भेजा जाता है । रोजगार कार्यालयों को भी विस्तृत अनुदेश जारी किये गये हैं कि वे उन्हें भेजे गये ब्यौरे के आधार पर पंजीकृत करें और

उपलब्ध स्थानीय रिक्त स्थानों के लिए उनके नाम भेजते समय विकलांगों की प्राथमिकता 1 तथा युद्ध में शहीद सैनिकों के आश्रितों को प्राथमिकता 2 ए दें ।

इस संबंध में 7-4-1972 को लोक सभा में दिए गए प्रश्न संख्या 2149 के उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है ।

बंगाल देश से भारतीय सेनाएं न हटाने के बारे में अमरीकी प्रचार

3390. **श्री राम सहाय पांडे :**

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी :

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस अमरीकी प्रचार की जानकारी है जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि बंगला देश से भारतीय सेनाएं हटाई नहीं गई है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं; और

(ग) इस प्रकार का खंडन करने और संसार को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपालसिंह) : (क) सरकार को अमरीकी अखबारों में छपी उन गलत खबरों के बारे में जानकारी है जिनमें बंगला देश से भारतीय सेना को न हटाने का आरोप लगाया गया है ।

(ख) और (ग). पाकिस्तान की ओर से थोपी गई लड़ाई के सिलसिले में जो भारतीय सेना बंगला देश में गई थी उसकी वापसी का काम 15 मार्च को पूरा हो गया था । बाद में बंगलादेश के प्रधान मंत्री के कहने पर चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में मीजो और अन्य विद्रोहियों के बिरुद्ध कार्रवाई में बंगलादेश की सहायता के लिए छोटी सी टुकड़ी वहां तैनान कर दी गई है । 24 मार्च कों बंगला देश की सरकार ने एक बयान जारी किया था जिसमें अमरीकी अखबारों में छपी इस तरह की खबरों को "शरारतपूर्ण और सोद्देश्य प्रचार" बताया था और यह घोषणा की गई थी कि "बंगला देश के किसी भी हिस्से में भारतीय सेनाओं को स्वतंत्र रूप से कार्यवाई करने का कोई सवाल नहीं उठता ।" भारत सरकार इस बयान से पूरी तरह सहमत है ।

पाकिस्तान में भारतीय युद्ध-बन्दियों से दुर्व्यवहार

3391. **श्री एम. एम. जोजफ :**

श्री बी. के. दास चौधरी :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय युद्ध-बंदियों के साथ दुर्व्यवहार का मामला पाकिस्तान सरकार के साथ उठाने के बारे में कोई कार्यवाही की है; और

(ख) यदि हां, तो वह क्या है ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री श्री सुरेन्द्रपाल सिंह : (क) और (ख). भारतीय युद्ध-बन्दियों के साथ दुर्व्यबहार के मामले, जांच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास समिति के साथ औपचारिक रूप से उठाए गए हैं, क्योंकि यह पाकिस्तान द्वारा जेनेवा अभिसमयों का उल्लंघन है।

———

External Affairs Minister's Visits to Foreign Countries

3392. DR. LAXMINARAIN PANDEY : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) the names of the countries visited by him during the last four months ; and

(b) the purpose of each visit and the achievements therefrom ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in the Library. See* No. LT-1810/72]

———

Labour Courts

3393. DR. LAXMINARAIN PANDEY : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of Labour Courts in the country at present ;

(b) the present procedure in regard to appointment of Judges in the said courts ;

(c) whether labour is dissatisfied with the present functioning and composition of the labour courts ; and

(d) whether Government have examined the same ; if so, the action taken in this regard ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) There are seven Industrial Tribunals-cum-Labour Courts appointed by the Central Government. In addition, there are Courts set up by the State Governments.

(b) So far as the Central Government Labour Courts are concerned, the appointment is made by selection from among persons who fulfil the conditions laid down in Section 7(3) and Section 7C of the Industrial Disputes Act, 1947.

(c) and (d). The National Labour Commission has made certain recommendations regarding the machinery and procedure for dispute settlement, including changes in the composition of Industrial Tribunals and Labour Courts. Government are processing these recommendations in consultation with the interests concerned.

———

वर्ष 1971 में घेराव की घटनाओं में वृद्धि

3394. **कुमारी कमला कुमारी** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1971 में गत दो वर्षों की अपेक्षा घेराव की घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस बारे में क्या कार्यवाही की है; और

(ग) गत दो वर्ष में इस कारण कितने श्रम-घंटों की हानि हुई ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) जी नहीं।

(ख) घेराव में प्रत्यक्ष रूप से कानून और व्यवस्था सम्बन्धी कार्यवाहियां अन्तर्निहित होती हैं और इस संदर्भ में इनका मुख्यतः सम्बन्ध राज्य सरकारों से है। जहां तक इनका औद्योगिक विवादों पर प्रभाव का सम्बन्ध है, मामले पर मई, 1967 में हुई स्थाई श्रम समिति की बैठक में विचार किया गया। समिति ने औद्योगिक विवादों को हल करने के लिए 'घेराव' सहित अवपीड़क एवं भयोत्पादक युक्तियों की निन्दा की है। राज्य सरकारों को तदनुसार सलाह दी गई हैं।

(ग) कुल हानि हुए श्रम-घंटों में संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

———

विदेशों से भारत आये भारत मूलक व्यक्ति

3395. **श्री धर्मराव अफजलपुरकर** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत मूलक कितने व्यक्ति बर्मा, श्रीलंका तथा अन्य देशों से स्वदेश वापस आए और उनमें से, पाकिस्तान से आये व्यक्तियों सहित, कितनों को भारत में बसाया जा चुका है;

(ख) कितने व्यक्तियों को अभी तक बसाया नहीं जा सका है; और

(ग) गत दो वर्षों में उन पर कितना व्यय किया गया ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) से (ग). एक विवरण, जिसमें भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आए प्रवासियों, बर्मा तथा श्रीलंका से स्वदेश लौटे भारतीयों के बारे में जानकारी दी गई है, संलग्न हैं। जहां तक अन्य देशों का सम्बन्ध है, जानकारी एकत्रित की जारी रही है।

विवरण

श्रेणी	आने वाले व्यक्तियों की संख्या	परिवारों की संख्या जो पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं	खर्च की गई राशि (रुपये लाखों में)	
			1970-71	1971-72 (जनवरी, 1972 तक)
भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यक्ति।	11,13,958	38,710	2,594.319**	8,290.912*
बर्मा से आए प्रत्यावासी।	1,90,989	3,000	224.017	284.244
श्रीलंका से आए प्रत्यावासी।	53,563	10,490	226.782	195.052

** इसमें पश्चिमी पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यक्तियों पर किया गया खर्च भी शामिल है।

* इसमें पश्चिमी पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यक्ययों और बंगला देश से आए शरणार्णियों पर किया गया खर्च शामिल है।

———

केरल की फर्मों और फैक्टरियों की और कर्मचारी भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना की बकाया राशि

3397. **श्रीमती भागंवी तनकप्पन** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताते की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल राज्य की बन्द पड़ी अनेक औद्योगिक फर्मों तथा फैक्टरियों ने मजदूरों की राशि कर्मचारी भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना में जमा नहीं कराई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इन फर्मों के नियोजकों की इस बात के लिए वाध्य करने के लिए क्या कार्यवाही की है कि वे मजदूरों को वैध भविष्य निधि की राशि तथा कर्मचारी राज्य बीमा लाभों का भुगता करें ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) और (ख). भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा प्राधिकारियों ने निम्नानुसार सूचित किया है :—

कर्मचारी भविष्य निधि

47 प्रतिष्ठान जो भविष्य निधि अंशदानों के भुगतान के लिए दोषी हैं, स्थाई रूप से बन्द पड़े हैं। इनमें से, सात प्रतिष्ठानों को राज्य सरकार द्वारा किस्तों की सुविधा दी गई है और ये नियमत रूप से किस्तों का भुगतान कर रहे हैं।

बकाया भविष्य निधि राशि की वसूली के लिए शेष प्रतिष्ठानों के विरुद्ध फौजदारी और सर्टिफिकेट कार्यवाहियां की जा रही हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

1970-71 में, 20 बन्द कारखाने थे जिन्होंने कर्मचारी राज्यबीमा अधिनियम, 1948 के अधीन देय कर्मचारी के अंशदानों का भुगतान नहीं किया। इस हेतु ऐसे कारखानों द्वारा देय कुल राशि वर्ष 1970-71 के दौरान 17,812.00 रुपये थीं।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के उपबन्धों के अधीन राशि की वसूली के लिए कानूनी कार्यवाही की गई है। इस तथ्य के बाबजूद भी कि नियोजक अंशदानों के भुगतान में दोषी हैं, श्रमिकों को उनके लाभ, जिनके लिए वे पात्र हैं, दिए जा रहे हैं।

Central Government Officers in Employment Exchanges in Madhya Pradesh

3400. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state the number of the Central Government Officers in the Employment Exchanges in Madhya Pradesh at present ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : There are no Central Government officers in the Employment Exchanges in Madhya Pradesh as such. However, there is one Special Fmployment Exchange for East Pakistan Migrants functioning under the administrative control of the Central Government ; this is manned by a State Government Officer on deputation to Central Government.

Unrecognised Unions

3401. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1717 on the 25th November, 1971 regarding Unrecognised Unions and state :

(a) whether the primary membership of the concerned Labour Unions has since been verified by Government ; and

(b) if so, the membership thereof ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) and (b). The process of verification of membership of unions affiliated to the concerned workers' central organisations has not yet been completed.

———

दुर्गापुर मिश्रित इस्पात संयंत्र द्वारा क्रोमियम स्टेनलेस स्टील का उत्पादन

3402. **श्री डी.पी. जदेजा** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दुर्गापुर मिश्रित इस्पात संयंत्र द्वारा उत्पादित उच्चश्रेणी के क्रोमियम स्टेनलैस स्टील को राजस्थान ऊर्जाशक्ति परियोजना ने अस्वीकार कर लिया था; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख). भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र की राजस्थान परमाणु शक्ति प्रायोजन को दुर्गापुर के मिश्र इस्पात कारखाने के द्वारा उत्पादित उच्च श्रेणी का क्रोमियम स्टेनलेस स्टील सप्लाई किया जा रहा है । उनको किये गये एक प्रेषण में यांत्रिक गुण आवश्यकता से कुछ कम पाया गया । इस माल को फिर से विधायन के लिये दुर्गापुर वापस लाया गया और परमाणु शक्ति प्राधिकारियों के संतोष के लायक बनाकर इसे पुनः प्रेषित किया गया ।

———

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कर्मचारियों के वेतनमानों में वृद्धि

3403. **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री वयालार रवि :

क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अधिकारियों के वेतनमान समय-समय पर बढ़ाये गये थे;

(ख) क्या सेन्ट्रल बोर्ड आफ इंस्ट्रीज द्वारा संगठन के अन्य कर्मचारियों की ऐसी ही मांग को अस्वीकार कर दिया गया था; और

(ग) यदि हां, तो इस विभेद के क्या कारण हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों के भी वेतन-मानों को समय-समय पर संशोधित किया गया है ।

(ख) संगठन के कर्मचारियों के वेतन-मानों को वाणिज्यिक बैंकों आदि में चालू वेतन-मानों के स्तर पर जाने की उनकी मांग, न्यासियों के केन्द्रीय बोर्ड द्वारा स्वीकृत नहीं की गई है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

———

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के बोर्ड के लिए प्रतिनिधियों की वृद्धि

3404. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लोकसभा की प्राक्कलन समिति ने वर्ष 1970 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यकरण सम्बन्धी अपने प्रतिवेदन में बताया था कि बोर्ड में श्रमिकों और नियोक्ताओं प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए;

(ख) क्या सरकार ने समिति की सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। तथापि केन्द्रीय न्यासी बोर्ड में नियोजकों और श्रमिकों के प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने से पूर्व कर्मचारी भविष्य निधि और परिवार पेंशन निधि अधिनियम, 1952 में संशोधन होना आवश्यक है। इसे जितना शीघ्र हो सका किया जायेगा।

———

केन्द्रीय न्यास बोर्ड और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

3405. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लोक सभा की प्राक्कलन समिति ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के बारे में अपने प्रतिवेदन में कहा है कि सरकार को इस संगठन के दैनिक प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए;

(ख) क्या सरकार इस संगठन के सभी कार्य वस्तुतः स्वयं कर रही है और केन्द्रीय न्यास बोर्ड केवल सिफारिश करने वाली संस्था बन कर रह गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस असंगति को दूर करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) से (ग). प्राक्कलन समिति ने सिफारिश की है कि केन्द्रीय न्यासी बोर्ड को अधिक शक्तियां दी जानी चाहिए ताकि इसे दिन प्रति दिन के कार्य में पर्याप्त नम्यता प्राप्त हो जबकि मंत्रालय निर्देशन और यदि आवश्यक हो तो, नीति के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार अपने पास रख सकते हैं। सरकार ने पहले ही निम्न प्रकार उत्तर दिया :—

"इस समय भी दिन-प्रति-दिन के प्रशासन के सभी मामलों में केन्द्रीय न्यासी बोर्ड को अपने स्तर पर कार्य करने के लिए सामर्थ बनाने हेतु पर्याप्त स्वायत्तता प्रदान की गई है। वास्तव में, कुछ मामलों में बोर्ड को केन्द्रीय सरकार के विभागों को प्राप्त वित्तीय शक्तियों से भी अधिक वित्तीय शक्तियां प्रदान की गई हैं।

2. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम या कर्मचारी भविष्य निधि योजना में संशोधन के लिए प्रस्तावों सहित सभी महत्वपूर्ण मामले, परिपाटी अनुसार पहले केन्द्रीय न्यासी बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। बोर्ड को और शक्तियां सौंपने के लिए जब भी अनुरोध प्राप्त होंगे, उन पर केन्द्रीय सरकार गुण-दोष के आधार पर विचार करेगी।"

Workers' Participation in Management in Public Sector Undertakings

3406. SHRI M. C. DAGA : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether the Department of Labour and Employment have written to the management of public sector undertakings to make labour equal participant in management ; and

(b) the number of such undertakings where labourers have been included in the management ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) and (b). Government have decided to introduce a scheme for the appointment of workers' representatives on the Board of Management of a few public sector undertakings on a trial basis. In the first instance, it has been decided to implement the scheme in the Hindustan Antibiotics Limited, Pimpri.

Amendment of Labour Laws

3407. SHRI M. C. DAGA : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government intend to amend labour laws ; and

(b) if so, the names thereof and the time by which these laws are proposed to be amended ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) and (b). Major amendments to some of the important Acts like the Industrial Disputes Act and the Trade Unions Act are under contemplation pursuant to the recommendations of the National Commission on Labour and the tripartite discussions thereon. In addition to these, the following are the principal Acts which are proposed to be amended :

(a) The Employees Provident Funds and Family Pension Fund Act, 1952.

(b) The Coal Mines Provident Fund, Family Pension and Bonus Schemes Act, 1948.

(c) The Plantations Labour Act, 1951.

(d) The Mines Act, 1952.

(e) The Employees' State Insurance Act, 1948.

(f) The Coal Mines Labour Welfare Fund Act, 1947.

(g) The Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946.

(h) The Payment of Wages Act, 1936.

(i) The Factories Act, 1948.

It is not possible to indicate the time by which these amendments would be carried out, but Govt. are anxious that the principal Acts dealing with Trade Unions and Industrial Relations should be amended very early.

———

Survey of Mineral Deposits in Bundi Rajasthan

3408. SHRI ONKAR LAL BERWA : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether Government have conducted any survey of the hills of Bundi (Rajasthan) with a view to find mineral deposits ; and

(b) if so, the findings thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) ; (a) and (b). As a result of geological mapping and investigations conducted by the Geological Survey of India in Hilly Tracts of Bundi District, Rajasthan, substantial quantities of cement grade limestone and building stone, and minor occurrences of other minerals like clay, glass sand, manganese ore, Ochre, marble, copper, and iron have been reported.

———

क्षेत्रीय हुनर सर्वेक्षण योजना

3409. **श्री आर० पी० उलगनम्बी** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कार्यपद्धति और तकनीक को जानने हेतु क्षेत्रीय हुनर सर्वेक्षण कराने की कोई आदर्श योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हां, तो योजना की मुख्य बातें क्या है;

(ग) क्या कार्यक्रम 1971-72 में आरम्भ किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो यह किन स्थानों पर आरम्भ किया गया है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) जी हां।

(ख) इस योजना के अधीन, निकट भविष्य में कारीगरों की आवश्यकताओं की वर्तमान उपलब्धि, श्रमिकों के उत्पादन, जनशक्ति की कमी, स्व-नियोजन के मार्गों, प्रशिक्षण संस्थों की क्षमता तथा सबंद्ध मामलों के बारे में सूचना प्रतिष्ठानों, कृषि फार्मों, प्रशिक्षण संस्थाओं तथा विकास खण्डों से एकत्र की जाएगी। जिला स्तर पर बेरोजगारी की समस्याओं के समधान के उपाय शुरू करने के लिए सर्वेक्षण के परिणाम लाभदायक होंगे।

(ग) जी हां।

(घ) बंगलौर, लुधियाना और गोरखपुर।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा कुछ बड़े राज्यों में इस का स्टाक-यार्ड खोलने का प्रस्ताव

3410. **श्री आर. पी. उलगनम्बी** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड का कुछ बड़े राज्यों में इसका स्टाक-यार्ड खोलने का प्रस्ताव हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) उक्त स्टाक-यार्ड से कितने माल की डिलीवरी की जाने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) से (ग). उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश में हिन्दुस्तान स्टील लि० के पहले ही दो-दो स्टाकयार्ड है। उत्पादक स्टाकयार्ड राज्य सरकारों के परामर्श से खोलते हैं। स्टाकयार्ड खोलते समय कुछ अनुमानित बिक्री तथा आर्थिक क्षमता को ध्यान में रखा जाता है।

———

सोवियत रूस-पाकिस्तान संबंध

3411. **श्री राज राजसिंह देव।**
श्री ईश्वर चौधरी :

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार का ध्यान "टाइम्स आफ इंडिया", दिनांक 22 मार्च, 1972 में **"रूस द्वारा भुट्टो को गुप्त आश्वासन"** शीर्षक के अन्तर्गत छपे समाचार की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या भारत सरकार ने इस समाचार का गंभीरता से अध्ययन किया है और यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) और (ख). सरकार ने अखबारी खबरें देखी हैं। यह रिपोर्ट जिन स्रोतों पर आधारित है उनका पता नहीं चला है। यह संदिग्ध और पक्षपातपूर्ण स्वरूप की रिपोर्ट है और यह सरकार की नीति नहीं है कि ऐसी रिपोर्टों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया दे।

———

अपंग जवानों के लिए नौकरियों के आरक्षण संबंधी योजना

3412. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल के भारत-पाक युद्ध में अपंग हुए जवानों के लिए नियोजकों और श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों ने नौकरियां आरिक्षित करना मान लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत कितने व्यक्ति लाभान्वित हो चुके हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर): (क) और (ख). 23 सितम्बर, 1971 को नई दिल्ली में हुई नियोजकों तथा श्रमिकों के कार्यकारी दल की पहली बैठक में रक्षा कर्मचारियों

के लिए रिक्त स्थानों के आरक्षण के विषय पर विचार-विमर्श किया गया । निम्नलिखित के लिए रिक्त स्थानों के उपयुक्त प्रतिशत के आरक्षण के पक्ष में था :—

(1) युद्ध में शहीद हुए रक्षा कर्मचारियों के आश्रित:/संबंधी;

(2) विक्लंगि सैनिक; और

(2) आर्मड् फोर्स से रिलीज हुए रक्षा कर्मचारी ।

इस सम्बन्ध में इस प्रकार की कोई योजना तैयार नहीं की गई है । तथापि जहां तक सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (केन्द्रीय सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन) का सम्बन्ध है, मुख्य कार्यकारियों को आदर्श अनुदेश जारी किये हैं कि वे विक्लंगि सैनिकों तथा आरिक्षतों सहित भूतपूर्व सैनिकों के लिए श्रेणी-III के $17\frac{1}{2}$ प्रतिशत पद और श्रेणी IV के $27\frac{1}{2}$ प्रतिशत पद आरक्षित करें ।

इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय सरकार के अधीन श्रेणी III में रिक्त-स्थानों के 10 प्रतिशत के आरक्षित कोटे में खपाने के लिए भी विक्लंगि भूतपूर्व सैनिकों की प्राथमिकता दी जा रही है । राज्य सरकारों से भी तदनुरूप कार्यवाही करने के लिए कहा गया है ।

(ग) इतनी जल्दी परिणामों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता ।

———

भारत-पाकिस्तान वार्ता

3413. **श्री मुहम्मद शरीफ :**
श्री बी० के० दास चौधरी :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और पाकिस्तान के बीच विद्यमान सभी समस्याओं को हल करने की दृष्टि से दोनों देशों के बीच वार्ता आरम्भ कराने के लिए भारत और इस्लामाबाद स्थित स्विस मिशनों द्वारा प्रक्रिया सम्बन्धी ब्यौरे को अन्तिम रूप देने के लिए कोई प्रयास किये गये है; और

(ख) यदि हां, तो उनका स्वरूप क्या है ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी नहीं । इस मामले में भारत और पाकिस्तान के बीच स्विस मिशन के माध्यम से संदेश भेजे गए ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

———

बोकारो इस्पात संयंत्र का निर्माण

3414. **श्री ज्योतिमर्य बसु** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 से लेकर अब तक कितनी बार बोकारो इस्पात संयंत्र की निर्माण लागत के प्राक्कलनों में फेर बदल की गयी है और प्रत्येक अवसर पर इसको बदलने के क्या कारण है;

(ख) संयंत्र को चालू करने की मल समय सारणी क्या थी और इसमें कितनी बार परिवर्तन किया गया है; और

(ग) संयंत्र के कब तक चालू हो जाने की सभावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालल में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) बोकारो इस्पात कारखाने के (17 लाख टन पिण्ड) प्रथम चरण की निर्माण लागत के प्राक्कलनों में सरकार द्वारा 1966 में स्वीकृति किये जाने के पश्चात् केवल एक बार संशोधन किया गया है। मुख्यत: देशीय उपकरणों की लागत में वृद्धि, इस्पात के मूल्य में वृद्धि तथा श्रमिकों के वेतन में वृद्धि के कारण ऐसा करना आवश्यक हो गया था।

(ख) दिसम्बर, 1966 में तैयार किये गये आरम्भिक निर्माण कार्यक्रम के अनुसार इस्पात कारखाने के प्रथम चरण को मार्च, 1971 के अन्त तक चालू किया जाना था। इस कार्यक्रम में कुछ ऐसे कारणों की वजह से जिन पर बोकारो स्टील लि० का कोई वश नहीं था, तीन बार परिवर्तन किया गया है।

वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार कारखाने के प्रथम चरण की स्थापना का कार्य, मार्च, 1973 तक पूरा हो जायेगा तथा इसके चालू करने में उसे 6 महीने और लग जायेंगे। फिर भी प्रथम धमन भट्ठी दिसम्बर, 1971 के अन्त तक तैयार हो जाने के 3-6 मास पश्चात् उत्पादन करने लगेगी।

———

इस्पात टेक्नालोजी में आत्म निर्भरता

3415. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस्पात टेक्नालोजी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है; और

(ख) अब तक की गई कार्यवाही का क्या प्रभाव हुआ है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में किये गये कुछ मुख्य उपाय नीचे दिए गए हैं :—

(1) बेलन मिलों के उपकरणों का भारत में रूपांकन और निर्माण करने के लिए तकनीकी जानकारी प्राप्त करने हेतु हिन्दुस्तान स्टील लि० के केन्द्रीय इंजीनियरी तथा रूपांकन व्यूरो ने 1 अप्रैल 1969 को अमरीका की युनाइटेड इंजीनियरिंग और फाउण्ड्री कम्पनी के साथ एक करार किया है।

(2) इस्पात कारखानों के इंजीनियरी और रूपांकन कार्यों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु हिन्दुस्तान स्टील लि० ने 1 मई 1970 से सोवियत संघ के त्याजप्रोमेक्सपोर्त के साथ एक करार किया है। जिसका उद्देश्य केन्द्रीय इंजीनियरी तथा रूपांकन व्यूरो को सशक्त बनाना तथा इसका विकास करना है जिससे यह इस्पात कारखानों का रूपांकन कर सके।

(3) इस्पात कारखानों के प्रमुख उपकरणों का रूपांकन करने की अपनी क्षमता में सुधार करने हेतु भारी इंजीनियरी निगम ने भी दिसम्बर 1971 में सोवियत रूस के मेसर्स प्रोमेशएक्सपोर्त के साथ एक करार किया है। रेडियल तथा लगातार ढलाई की मशीनों का देश में निर्माण करने के लिए भारी इंजीनियरी निगम ने सोवियत रूस के लाईसेंसिनटोर्ग के साथ भी एक करार किया है।

(4) स्पंज आयरन के उत्पादन के लिए नई प्रौद्योगिकी के बिकास हेतु राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोग शाला, जमशेदपुर में एक पायलट प्लान्ट स्थापित किया जा रहा है। आन्ध्र प्रदेश औद्योगिक विकास निगम द्वारा आंध्र प्रदेश मे कुठागुडम के स्थान पर स्पंज आयरन के उत्पादन के लिए एक प्रदर्शन संयंत्र स्थापित करने का विचार है। यह कारखाना प्रतिदिन 100 टन स्पंज आयरन तैयार करेगा।

(5) राष्ट्रीय धातु कर्म प्रयोगशाला जमशेदपुर में उच्च तापमानों पर इस्पात के परीक्षण के लिये एक प्रयोगशाला खोली जा रही है।

(6) देश में कोल्ड रोल्ड ग्रेन अरिएन्टेड वैद्युतिक चादरों के उत्पादन के लिए तकनीकी जानकारी प्राप्त करने हेतु विदेशों में बड़े-बड़े उत्पादकों से बातचीत शुरू की गई है।

(7) देश में एयर गैस पृथक्कीकरण संयंत्रों (आक्सीजन संयंत्रों) के निर्माण के लिए भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वैसल्ज लि० विशाखापत्तनम, ने फ्रांस की एयर लिक्विड के साथ एक करार किया है।

(8) स्टेकर और रीक्लेमर जैसे बल्क हैंडलिंग उपकरणों के जिनकी इस्पात कारखानों में आवश्यकता पड़ती है, निर्माण के लिए माइनिंग एण्ड एलायड मशीनरी कारपोरेशन लि० दुर्गापुर ने भी पश्चिमी जर्मनी के मेसर्स डेमाग के साथ एक करार किया है।

(ख) चूंकि इस्पात उद्योग में जैस्टेशन अवधि बहुत लम्बी होती है अतः उपर्युक्त (क) में उल्लखित बड़े-बड़े कदमों का प्रभाव तभी नजर आएगा जब नए इस्पात कारखाने और विभिन्न विस्तार कार्यक्रम पूरे हो जाएंगे और उत्पादन करना आरम्भ कर देंगे तथा राष्ट्रीय धातु कर्म प्रयोगशाला में विकसित प्रौद्योगिकी के आधार पर देश में स्पंज आयरन के उत्पादन के लिए कारखाने स्थापित हो जाएंगे। फिर भी सोवियत रूस के त्याजप्रोमेक्सपोर्त के साथ किए गए करार के फलस्वरूप केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो के लिए नए इस्पात कारखानों (वर्तमान कारखानों के विस्तार कार्यक्रम भी शामिल है) का समस्त इंजीनियरी तथा रूपांकन कार्य करना सम्भव हो सकेगा।

सेलम हास्पेट और विशाखापत्तनम में स्थापित किए जाने वाले तीन नए इस्पात कारखानों तथा भिलाई बोकारो और दुर्गापुर के मिश्र इस्पात कारखाने की विस्तार योजनाओं के इंजीनियरी तथा रूपांकन कार्यदेशीय परामर्श संगठनों द्वारा किए जा रहे हैं।

अमरीका यूनाइटिड इंजीनियरी एण्ड फाउण्ड्री कम्पनी तथा रूस के प्रोमेशएक्सपोर्त और लाइसंसिनटोर्ग के साथ किये गये करारों से देश में इस्पात संयंत्र के उपकरणों के विकास और निर्माण में सहायता मिलेगी।

स्पंज आयरन के उत्पादन के लिए जमशेदपुर में लगाये जाने वाले बड़े पैमाने के पाइलट प्लांट और आंध्र प्रदेश में लगाये जाने वाले प्रदर्शन संयंत्र से देश में इस्पात बनाने की नई प्रौद्योगिकी के विकास से सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में उच्च तापमान पर परीक्षण करने वाली प्रयोगशाला की स्थापना में बायलरों, टरबाइनों, जेट इंजिनों आदि के निर्माण में काम आने वाला इस्पात देश में ही बनने लगेगा।

तकनीकी जानकारी की प्राप्ति से देश में कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरियेन्टिड चादरों के उत्पादन में आधुनिक प्रोद्यौगिकी का प्रयोग किया जाने लगेगा। ये चादरें बिलली के ट्रांसफार्मरों के निर्माण में काम आती है और इनका उत्पादन काफी जटिल होता है।

फ्रांस के एयरलिक्विड तथा पश्चिमी जर्मनी के डेमाग के साथ किये गये करारों से क्रमशः आक्सीजन संयंत्रों और स्टैकर और रीक्लेमरों जैसे बल्क हेन्डिलिंग उपकरणों का देश में ही निर्माण होने लगेगा। इस्पात कारखाने के लिये ये आवश्यक उपकरण होते हैं।

———

पश्चिमी बंगाल में सूती कपड़ा मिलें

3416. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1969-70 से 1971-72 तक वर्ष-वार पश्चिम बंगाल की सूती कपड़ा मिलों में कुल कितने व्यक्ति काम करते थे ?

(ख) 1969-70 से 1971-72 तक वर्ष-वार विभिन्न सूती कपड़ा केन्द्रों में कर्मचारी वर्ग के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक क्या था;

(ग) 1969-70 से 1971-72 तक वर्ष-वार पश्चिम बंगाल में सूती कपड़ा बनाने वाले मजदूरों द्वारा कुल कितना धन अर्जित किया गया; और

(घ) जीवन निर्वाह सूचकांक में वृद्धि से सूती कपड़ा मजदूरों की वास्तविक आय में जो कमी हुई थी क्या वह मंहगाई भत्ते में वृद्धि से पूरी हो गई है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत लाये गये पश्चिम बंगाल के सूती कपड़ा एककों में कुल अनुमानत दैनिक औसत नियोजन, 1969 में 49,416 और 1970 में 42,656 था। 1970 के लिए, आंकड़े अन्तिम हैं। 1971 के लिए, आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) कलकत्ता और हावड़ा केन्द्रों के औद्योगिक श्रमिकों के लिए 1960—100 के आधार पर वर्षवार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नीचे दिए गए हैं :—

वर्ष	निम्नलिखित के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	
	कलकत्ता	हावड़ा
1969	171	176
1970	181	184
1971	185	188

(ग) पश्चिम बंगाल में सूती कपड़ा बनाने बाले श्रमिकों की, 1969 और 1970 वर्ष के लिए, प्रति व्यक्ति वार्षिक आय निम्न प्रकार थी :—

वष	प्रति व्यक्ति वार्षिक आय
1969	2,311.00 रुपये
1970	2,461.00 रुपये

1971 के लिए आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं।

(घ) 1969 और 1970 के बीच, प्रतिदत्त प्रति व्यक्ति की मंहगाई भत्ते सहित वार्षिक आय में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी, उसी अवधि के दौरान कलकत्ता केन्द्र के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 5.9 प्रतिशत वृद्धि से अधिक प्रतीत होती है।

Export of Pig Iron

3417. SHRI MOHAN SWARUP : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether export of pig iron during 1971-72 was 4 lakh tons less than that in 1970-71 ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) and (b). Against about 4.6 lakh tonnes of pig iron exported in 1970-71, the exports during 1971-72 were of the order of 2.2 lakh tonnes. The main reason for the reduction in exports in 1971-72 was the steep decline in the demand abroad particularly in Japan which has been the traditional export market for Indian pig iron.

आजीविका परामर्शदाता कार्यक्रम

3418. **श्री सी० चित्तिबाबू** : क्या **श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि आजीविका सूचना साहित्य की मुख्य बातें क्या है और आजीविका सेवा में अनुसन्धान तथा प्रशिक्षण के केन्द्रीय संस्थान आजीविका अध्ययन केन्द्र द्वारा 1970-71 के दौरान बनाए गए आजीविका परामर्शदाता कार्यक्रम के मूल्यांकन और कार्यान्वयन विधियां क्या है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : 1970-71 के दौरान केन्द्रीय रोजगार सेवा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में वृत्ति अध्ययन केन्द्र और रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय में मूल्यांकन और कार्यान्वयन एकक स्थापित करने के लिए प्रारम्भिक कार्यवाही की गई। 1971-72 के दौरान इस कार्य में तेजी आई।

वृत्ति अध्ययन केन्द्र द्वारा उत्पादित वृत्ति सूचना साहित्य की मुख्य-मुख्य बातें तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के मूल्यांकन तथा कार्यान्वयन के तकनीक संलग्न विवरण में दिये गये हैं।

विवरण

(1) वृत्ति अध्ययन केन्द्र द्वारा उत्पादित वृत्ति साहित्य की मुख्य-मुख्य बातें निम्न-लिखित हैं :—

(क) **वृत्ति सूचना सीरीज** : इन प्रकाशनों में छात्रों को (i) शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर (ii) विशेषज्ञता के विभिन्न विषयों के अनुसार (iii) व्यवसाय ढूंढने वालों की विशेष श्रेणियों के लिए और (iv) विभिन्न व्यावसायिक ग्रुपों के लिए उपलब्ध वृत्ति और रोजगार तथा स्वनियोजन का ब्यौरा दिया जाता है।

(ख) **प्रशिक्षण सुविधाओं सम्बन्धी पुस्तिकाएं** : ये राज्यवार तथा अखिल भारतीय खण्ड हैं, जिनमें सभी संस्थाओं और सयंत्र में प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा दिया जाता है, जो छात्रों को कुछ व्यवसायों के लिए लैस करता है।

(ग) **भारत में रोजगार अवसर संबंधी बुलेटिन** : प्रत्येक वर्ष चार त्रैमासिक और एक वार्षिक बुलेटिन जारी किया जाता है। इनमें ऐसे सभी रिक्त-स्थानों (संघीय लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोगों, रेलवे सेवा आयोगों द्वारा अधिसूचित रिक्त स्थानों तथा रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम के अधीन अधिसूचित रिक्त स्थानों सहित) का ब्यौरा दिया जाता है जिनके लिए स्नातक और डिप्लोमाधारी हकदार हैं।

(घ) **वृत्ति चुनाव पोस्टर** : इनका उद्देश्य शिक्षा और उम्मीदवारों की विशेष श्रेणियों के लिए शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण एवं वृत्ति के बारे में संक्षिप्त सूचना दी जाती है।

2. रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय के मूल्यांकन और कार्यान्वयन एकक द्वारा फील्ड यूनिटों अर्थात रोजगार कार्यालयों के व्यावसायिक मार्गदर्शन यूनिटों और विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन केन्द्र में व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के मूल्यांकन लिए अपनाए गए तकनीक निम्नलिखित हैं :—

(1) रोजगार कार्यालयों तथा विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यक्रम का अनुपालन;

(2) रोजगार कार्यालयों तथा बिश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन केन्द्र में रखे गए संबंधित अभिलेखों की जांच;

(3) संबंधित अधिकारियों के साथ साक्षात्कार और विचारविमर्श;

(4) राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्यवाही, ताकि यह सुनिश्चित हो जाए कि मूल्यांकन के बाद की गई सिफारिशें कार्यान्वित की जा रही है।

फेरो-वैनेडियम का उत्पादन करने के लिये "आशय-पत्र" जारी करना

3419. **श्री सी० चित्तिबाबू** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फेरो-वैनेडियम का उत्पादन करने के लिए किन पार्टियों को "आशय-पत्र" जारी किये गये हैं; और

(ख) इन 'आशय-पत्र' के द्वारा कितनी क्षमता स्थापित हो गई है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख). फेरो-वैनेडियम का उत्पादन करने के लिए निम्नलिखित पार्टियों को दो आशय-पत्र जारी किये गये हैं।

(1) 480 टन प्रतिवर्ष की क्षमता के लिए मेसर्स उड़ीसा औद्योगिक विकास निगम तथा (2) 350 टन प्रतिवर्ष की क्षमता के लिए मेसर्स एस. एन. ढींगरा आफ फेरो-वैनेडियम कारपोरेशन आफ इण्डिया, नई दिल्ली। ये इकाइयां अभी तक स्थापित नहीं हुई है।

'कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स' मिश्रित इस्पात और स्टेनलैस स्टील स्ट्रिप्स के उत्पादन के लिए "आशय-पत्र" जारी करना

3420. **श्री सी० चित्तिबाबू** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स, मिश्रित इस्पातऔर स्टेनलैस स्टील स्ट्रिप्स के उत्पादन हेतु गैर-सरकारी क्षेत्र में अतिरिक्त नई क्षमता के लिए 1970-71 के दौरान जारी किये गए आशय-पत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन आशय-पत्रों के द्वारा कितने एकक स्थापित किए गए हैं और उनकी क्षमता क्या है?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख). 1970-71 में कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स के उत्पादन के लिए केवल एक आशय पत्र जारी किया गया था। यह आशय पत्र मेसर्स आन्ध्रा-स्टील कारपोरेशन लि० कलकत्ता को प्रतिवर्ष 7000 टन कोल्ड रोल्ड नैरो स्ट्रिप्स तथा 3000 टन पेटी पट्टक के निर्माण के लिए हैदराबाद में औद्योगिक उपक्रम लगाने के लिए दिया गया था। 23-11-71 को इसे औद्योगिक लाइसेन्स में बदल दिया गया और इसे इस योजना को कार्यान्बित करने के लिऐ बनाई गई एक नई कम्पनी अर्थात् मेसर्स सदन स्टील लि० कलकत्ता को दे दिया गया। पता चला है कि यह कारखाना स्थापित हो चुका है।

मैसर्स इलैक्ट्रो स्टील कास्टिंग द्वारा वायर राड का उत्पादन

3421. **श्री सी० चित्तिबाबू** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष रूप से हार्ड कार्बन तथा अन्य बिशेष किस्म का वायर राड के उत्पादन के लिए नये यूनिट स्थापित करने के लिए क्या प्रोत्साहन दिया गया है;

(ख) कितनी क्षमता उत्पन्न की गई है; और

(ग) क्या मेसर्स इलैक्ट्रो स्टील कास्टिंग के प्रतिवर्ष 40,000 टन वायर राड बनाने की क्षमता उत्पन्न कर ली है और यदि हां, अब तक हुए उत्पादन का ब्यौरा क्या है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां): (क) वायर राड के उत्पादन के लिए कोई विशेष सहायता नहीं दी जा रही है, क्योंकि देश में पहले ही इसकी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है।

(ख) अनुमान है कि देश में साधारण इस्पात तथा हाई कार्बन स्टील वायर राड के उत्पादन की वर्तमान उपलब्ध क्षमता 900,000 टन प्रतिवर्ष है।

(ग) जी नहीं। मेसर्स इलैक्ट्रो-स्टील कास्टिक्स को 40,000 टन तार छड़ का उत्पादन करने के लिए दिये गये आशय-पत्र को अभी कार्यरूप नहीं दिया गया है।

———

Survey of Minerals in mountains of Rajasthan

3422. SHRI LALJI BHAI : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether there are mountains in Udaipur and other districts in Rajasthan where there are possibilities of various kinds of minerals being located ; and

(b) if so, whether Government propose to conduct a survey there ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) and (b). The Geological Survey of India have already carried out Geological mapping and survey in the hilly tracts of Udaipur and other Districts of Rajasthan. As a result of this survey, deposits of lead, zinc phosphorite, iron ore, and occurrences of beryl, emerald, mica, steatite, manganese and building materials have already been located in the hilly tracts of Udaipur District. Occurrences of asbestos, baryte, beryl, building materials, emerald, feldspar, flourspar, glass sand, iron ore, Kynite, Kaolin, lead-zinc and copper ores and limestone, mica, pyrite have also been located in hilly tracts of Ajmer, Alwar, Banswara Bhilwara, Bharatpur, Bundi, Chittorgarh, Dungarpur, Swai Madhopur, Sikar, Sirohi and Tonk Districts of Rajasthan. Further Geological Surveys are being conducted in these districts.

———

कोयला खान श्रमिक कल्याण संगठन द्वारा चलाये जा रहे आयुर्वेदिक औषधालय

3423. **श्री श्रीकिशन मोदी** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोयला खान श्रमिक कल्याण संगठन कुछ राज्यों कोयला क्षेत्रों में 30 आयुर्वेदिक औषधालय चला रहा है;

(ख) क्या इन औषधालयों को चलाने में सरकार उनकी सहायता करती है और यदि हां, तो कितनी; और

(ग) क्या सरकार का विचार समूचे देश में कोयला-खान मजदूरों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधायें देने का है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) कोयला खान श्रमिक कल्याण संगठन, धनबाद, असम, आंध्रप्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में कोयला खनिकों के लाभ के लिए 29 आयुर्वेदिक औषधालय और एक आयुर्वेदिक फार्मेसी चला रहा है।

(ख) इन आयुर्वेदिक औषधालयों को चलाने का सारा व्यय कोयला खान श्रमिक कल्याण निधि में से किया जाता है।

(ग) इस समय सभी कोयला-क्षेत्रों में 500 रुपये तक मूल वेतन पाने वाले कोयलाखानों के सभी श्रमिकों और उनके आश्रितों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधायें दी जा रही हैं।

———

Survey of Minerals in Gaya District (Bihar)

3425. SHRI ISHWAR CHAUDHRY : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether there are possibilities of various minerals being found in the mountains of Gaya District, Bihar ;

(b) if so, whether Government would conduct any survey in this regard ; and

(c) if so, by what time and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) As a result of geological investigations already carried out by the Geological Survey of India, workable deposits of mica have been located in the hilly tracts of Gaya district, Bihar. Minor occurences of Ochre, tin ore, pitchblende and columbite-tentalite have also been recorded in the area.

(b) and (c). Further work of systematic mapping and mineral investigations in the area is in progress.

———

Utilization of Foreign Aid for Bangla Desh Refugees

3426. SHRI ISHWAR CHAUDHRY : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the percentage of the amount spent out of the assistance received from foreign countries for refugees from Bangla Desh ; and

(b) the items on which Government propose to spend the remaining amount ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : (a) and (b). Against the estimated expenditure of about Rs. 326 crores, on the

refugees from Bangla Desh, the Government of India have so far received only a sum of Rs. 136.77 crores both in cash as well as in kind from the foreign countries, international agencies etc. As the amount received is far below the expenditure, the question of spending the remaining amount on the other items does not arise.

———

Distribution of Coal to Retail Dealers in Delhi

3427. SHRI ISHWAR CHAUDHRY : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether the retail dealers of coal in Delhi are not being allotted the quota of coal to the extent of their demand ;

(b) the rules governing fixation of quota of coal to retail dealers ; and

(c) the number of applications from the retail dealers seeking an increase in the quota pending with Government and the reasons for which Government do not take any decision thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) The quota of coal (Soft Coke only) in Delhi is allotted to retail dealers by the Delhi Administration on the basis of their assessed demand only.

(b) The quotas of Soft Coke were fixed by Delhi Administration on the basis of average of actual purchases made by the retail dealers during the period from July-September, 1971.

(c) The quota system was introduced by the Delhi Administration from the middle of November, 1971. From December, 1971 onwards, many applications seeking increase in their allocated quotas were received. With a view to dispose of these applications, a general policy decision was taken by the Delhi Administration to increase the earlier quotas in the following manner :—

(i) Quotas of all retail dealers drawing less than a wagon per month were increased to one wagon each per month ;

(ii) quotas fixed at 1-1/3, 2-1/3 and 3-1/3 wagons were increased to $1\frac{1}{2}$, $2\frac{1}{2}$ and $3\frac{1}{2}$ wagons per month respectively ; and

(iii) quotas fixed at 1-2/3, 2-2/3 and 3-2/3 wagons were increased to 2, 3 and 4 wagons per month respectively.

———

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा किये गए विज्ञापनों पर व्यय

3428. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1971-72 में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा विज्ञापनों पर कुल कितना व्यय किया गया;

(ख) 31 मार्च, 1972 तक कुल कितना पूंजी निवेध हुआ; और

(ग) 31 मार्च, 1972 तक कुल कितनी संचित हानि हुई ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) 1971-72 में हिन्दुस्तान स्टील लि० ने विज्ञापन पर कुल 15,90,4000 रुपये खर्च किये ।

(ख) 31 मार्च, 1972 को हिन्दुस्तान स्टील लि० में सरकार की कुल 1,011.07 करोड़ रुपये की पूंजी लगी हुई थी (जिसमें इक्विटी 594.37 करोड़ रुपये है और बकाया पूंजीगत ऋण 416.7 करोड़ रुपये का है) ।

(ग) वर्ष 1971-72 के हिसाब-किताब अभी तैयार किये जा रहे हैं और उनकी लेखा-परीक्षा की जा रही है । अतः 31-3-72 तक कम्पनी को हुई कुल हानि की जानकारी देना अभी संभव नहीं है ।

हड़तालों और तालाबंदियों के परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति—दिनों की हानि

3429. **श्री योगेन्द्र झा :**
श्री वाई ईश्वर रेड्डी :

क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हड़तालों और तालाबन्दियों के परिणामस्वरूप गत तीन वर्षों में वर्ष वार और राज्य-वार कितने प्रति व्यक्ति—दिनों की हानि हुई; और

(ख) स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गये हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) एक विवरण संलग्न है ।

(ख) जैसा आवश्यक होता है, वर्तमान सांविधिक तंत्र और स्वेच्छिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत औद्योगिक संपर्क तंत्र काम बंदियों को घटाने के लिए प्रारम्भिक बातचीत, समझौता और न्याय निर्णय या मध्यस्थता द्वारा प्रयास करना जारी रखता है । सरकार औद्योगिक सम्पर्क पद्धति में सुधार लाने के लिए सम्मत उपाय उद्भूत करने हेतु श्रमिकों और नियोजकों के संगठनों सहित, सम्बन्धित हितों से बातचीत भी कर रही है ।

विवरण

क्रमांक	राज्य/संघशासित क्षेत्र का नाम	हानि हुए श्रम-दिनों की संख्या		
		1969	1970	1971(अ)
1.	आंध्र प्रदेश	5,26,101	6,63,234	3,03,871
2.	असम	63,118	27,948	60,978
3.	बिहार	19,91,831	9,83 480	1,43,544
4.	गुजरात	1,32,816	3,60,199	1,29,502
5.	हरियाणा	2,72,228	1,42,709	85,433
6.	जम्मू और कश्मीर	1,149	28,161	234
7.	केरल	16,27,919	6,85,054	20,15,482
8.	मध्य प्रदेश	6,85,821	3,51,063	1,95,170
9.	महाराष्ट्र	12,72,455	23,63,751	17,94,782
10.	मैसूर	7,64,714	4,42,809	6,62,072
11.	उड़ीसा	39,867	1,54,431	25,927
12.	पंजाब	99,992	1,37,704	1,58,202
13.	राजस्थान	1,35,976	1,75,337	1,17,603
14.	तमिल नाडू	7,36,668	18,21,137	13,02,438
15.	उत्तर प्रदेश	4,26,900	6,31,551	5,18,651
16.	पश्चिम बंगाल	98,80,856	1,11,58,031	50,54,644
17.	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	399	7,406	3,429
18.	चण्डीगढ़	—	38,960	495
19.	दिल्ली	2,69,022	2,05,628	1,34,646
20.	गोवा	50,930	22,066	4,923
21.	हिमाचल प्रदेश	32,000	40,258	उपलब्ध नहीं
22.	मणिपुर	—	—	—
23.	पाण्डिचेरी	6,221	64,265	—
24.	त्रिपुरा	31,305	53,199	38,218

'अ'—अनन्तिम

खोतड़ी तांबा परियोजना के लिए ब्रिटिश सहायता

3430. **श्री पी. वेंकटासुब्बया** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ब्रिटेन ने खोतड़ी तांबा परियोजना की सहायतार्थ लगभग 830,000 पौंड स्टर्लिंग का नियतन किया है;

(ख) यदि हां, तो इस सहायता को किस रूप में उपयोग में लाने का विचार है; और

(ग) उक्त परियोजना में अब तक कितनी प्रगति हुई हैं और यदि कोई बिलम्ब हुआ है तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) जी, हां। ब्रिटिश सरकार द्वारा खोतड़ी तांबा प्रायोजना के लिए ऋण के रूप में 1.5 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है।

(ख) 1.5 करोड़ रुपयों में से लगभग 56 लाख रुपयों की राशि को, खोतड़ी में स्थापित की जाने वाली परिकरणशाला के कैथोड़े पिघलाने और तार छड़ ढलाई अनुभाग के लिए, जिसके आदेश ब्रिटेन की एक फर्म को दिए गए हैं, निर्धारित किया गया है। अतिशेष राशि को प्रायोजना की खानों और संयंत्रों के लिए प्रकीर्ण उपकरण के आयात के लिये प्रयुक्त किया जा रहा है।

(ग) अपेक्षित जानकारी को दर्शित करने वाला विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

विवरण

प्रायोजन द्वारा अभी तक की गई प्रगति

(i) **खानन** : खोतड़ी और कोलिहान दोनों खानों में कुछ उच्च स्तरों पर खान विकास कार्य सम्पूरित किया गया है। खान के माध्यमिक स्तरों का विकास कार्य किया जा रहा है। तार अयस्क का उत्पादन सीमित मापमान पर (लगभग 1000 टन प्रतिदिन) दो खानों में इस समय अभिप्राप्त किया जा रहा है। 1973 से 3600 टन प्रतिदिन की दर से नियमित उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा और 1977 से धीरे-धीरे इसे लगभग 10,000 टन प्रतिदिन तक बर्धित किया जाएगा।

(ii) **प्रतिक्रिया संयंत्र** :

(क) **संकेन्द्रक** : संयंत्र के लिए 98% सिविल सन्निर्माण कार्य सम्पूरित हो गया है। परिनिर्माण का कार्य और इस्पात सरंचना और प्रक्रिया उपकरण प्रगति पर है। संकेन्द्रक संयंत्र के मार्च 1973 तक पूर्णतः चालू हो जाने की संभावना है।

(ख) **प्रद्रावक** : 35% सिविल सन्निर्माण कार्य सम्पूरित हो गया है। संयंत्र के लिए अपेक्षित अधिकांश उपकरण के आदेश पहले ही दिए गये हैं। प्रद्रावक संयंत्र के दिसम्बर, 1973 तक चालू हो जाने की सम्भावना है।

(ग) **परिकरणशाला** : परिकरणशाला के इलैक्ट्रोलाइटिक कक्ष अनुभाग के लिए 60% सिविल सन्निर्माण कार्य सम्पूरित हो चुका है। उपकरणों को उप्पात करने का कार्य प्रगति पर है। संयंत्र की रूप रेखा के रूपांकन और कैथोडे पिघलाने और तार छड़ ढलाई अनुभाग का कार्य भी किया जा रहा है। परिकरणशाला को दिसम्दर, 1973 तक चालू किया जाएगा।

(घ) **अग्ल-सह-उर्वरक संयंत्र** : संयंत्र के लिए सिविल सन्निर्माण कार्य हाल ही में किया गया है। संयंत्र के लिए अपेक्षित 25% उपकरण के लिए आदेश दिए गए हैं। संयंत्र के फरवरी, 1974 तक चालू हो जाने की सम्भावना है।

प्रायोजना के सम्पूर्ण में हुई देरी के कारण

1968 में तैयार की गई समय सारणी के अनुसार, खेतड़ी तांबा प्रायोजना को 1971-72 में सम्पूरित हो जाना था। तथापि, प्रायोजना के कार्यान्वयन की प्रगति प्रारम्भ में मंद रही और 1970 में एक पुनरीक्षित समय सारणी तैयार की गई जिस के अनुसार प्रायोजना 1973-74 के अन्तिम तिमाही तक चालू हो जाएगी।

धातु लौह खानन और धातुकर्मीय क्षेत्र में प्रशिक्षित और अनुभवी तकनीकी कर्मिकों की कमी के कारण मुख्यत: प्रायोजना के कार्य में देरी हुई। प्रायोजना के लिए अपेक्षित उपकरण और संयंत्र के कतिपय विशिष्ट मदों के डिजायन, विनिदेशों इत्यादि को अन्तिम रूप देने में हुई देरी, उपकरण के स्वदेशी स्तर पर उपाप्त करने में हुई देरी और संकेन्द्रक संयंत्र के लिए सिविल सन्निर्माण कार्य के सम्पूर्ण में मन्द प्रगति ने भी प्रायोजना के सम्पूरण के विलम्ब में योगदान दिया।

इनमें से अधिकांश समस्याओं को अब हल किया जा चुका है। पुनरीक्षित सारणी के अनुसार प्रायोजना के सम्पूरण को सुनिश्चित करने के लिए यथा सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

———

तामिलनाडु में इल्मेनाइट और गार्नेट सेन्ड के निक्षेप

3431. **श्री एस. ए. मुह्मानन्तम** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तामिलनाडु के तिरुचेन्दुर समुद्र तटीय क्षेत्र में इल्मेनाइट और गार्नेट सेण्ड के निक्षेपों का पता लगा है;

(ख) यदि हां, तो पाये गये निक्षेपों की किस्म क्या है तथा ये कितनी मात्रा में हैं; और

(ग) क्या निक्षेपों का वाणिज्य आधार पर दोहन करने के लिए कोई कार्यवाही की जा रही है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) और (ख). परमाणु खनिज प्रमाण द्वारा 1964-65 और 1968-69 के दौरान किए गए अन्वेषणों के परिणामस्वरूप, तमिलनाडु के तिरुचेन्दुर के तटवर्ती क्षेत्र में पुचीकाडु और नालुमावाड़ी के नजदीक कुछ रेतों और टेरी मिट्टियों में इलमेनाइट और गारनेट के अंश पाए गए हैं। रेतों में इलमेनाइट की प्रतिशतता 4.9 से 8.2 के बीच है और इस खनिज की कुल उपलभ्य राशियां 46,16,458 टन अनुमानित की गई है। गारनेट 0.005 प्रतिशत की औसत से बहुत ही निम्न संकेन्द्रय में विद्यमान है। क्षेत्र में गारनेट की कुल उपलभ्य राशियां 2724 टन प्रावकलित की गई है। तामिलनाडु सरकार ने भी इस क्षेत्र में अन्वेषण किए हैं। उनके कार्य के विस्तृत ब्यौरे अभी तक केन्द्रीय सरकार को प्राप्त नहीं हुए हैं।

(ग) चूंकि मानावलग्कुरीचि (तामिलनाडु) और चावारा (केरल) के समृद्ध भारी खनिज रेतों का इस समय वाणिज्य समुपयोजन हो रहा है अतः तिरुचेन्दुर के तटवर्ती क्षेत्रों के रेतों और टेरी मिट्टियों का खनन और उपयोगीकरण अभी नहीं किया गया है।

———

Work in Hindi in Indian Embassies

3432. SHRI SUDHAKAR PANDEY : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS pleased to state :

(a) the names of Indian Embassies located abroad where work is being done in Hindi indicating the extent thereof ;

(b) whether many countries are interested in Hindi ; and

(c) if so, the nature of assistance given to the Indian Embassies in those countries for development of Hindi ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) All Indian Missions/Posts abroad are equipped to deal with Hindi-speaking visitors. Most of them are also in a position to deal with relatively simple correspondence in Hindi. 12 Missions (those at Gangtok, the Hague, Kathmandu, London, Mauritius, Moscow, New York, Peking, Suva, Tokyo, Trinidad and Santiago) have been supplied with Hindi type-writers and carry on a part of their correspondence in Hindi.

(b) Generally speaking, it is the persons of Indian origin living abroad who have evinced the greatest interest in Hindi. The persons not belonging to this category who are keen to learn Hindi are comparatively few,

(c) Hindi books are supplied to all the libraries maintained by our Missions or Posts abroad ; some Embassies also arrange for the holding of Hindi classes for the local people ; the Indian Council for Cultural Relations sends out Hindi men of letter, scholars and lecturers.

थाइलैण्ड के साथ सम्बन्ध

3433. **श्री एस. सी. सामन्त** : क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रपति की हाल की थाईलैण्ड की यात्रा के परिणामस्वरूप भारत और थाईलैण्ड के बीच मैत्री-सम्बन्धों में कितना सुधार हुआ हैं;

(ख) क्या थाईलैण्ड के सम्राट को भारत यात्रा के लिए कोई निमन्त्रण दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो सम्राट की यह यात्रा कब तक होगी ?

विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपालसिंह) : (क) राष्ट्रपति की थाईलैण्ड-यात्रा के समय दोनों देशों के प्रतिनिधिमण्डलों के बीच, सामान्य हित के मामलों पर बातचीत करने का अवसर मिला। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच संभव आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग के क्षेत्र दृष्टिगोचर हुए।

(ख) और (ग). राष्ट्रपति ने थाईलैण्ड के नरेश को भारत आने का निमंत्रण दिया। इस यात्रा की तारीख अभी निश्चित नहीं की गई है।

अविभाजित पंजाब और हिमाचल प्रदेश के निवासियों की दुकानों के बारे में भारत के कस्टोडियन जनरल के पास पड़े अनिर्णीत मामले

3434. **श्री ओंकारलाल बेरवा** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के कस्टोडियन जनरल, नई दिल्ली के पास 1964 से लेकर अब तक अविभाजित पंजाब और हिमाचल प्रदेश के निवासियों की दुकानों के, जो कि उनके द्वारा 1947 से पूर्व खरीदी गई भूमि पर बनाई गई थीं और जिस भूमि को बाद में गलती से निष्क्रांत सम्पत्ति घोषित कर दिया गया था और कस्टोडियन कार्यालय द्वारा जिसकी नीलामी का आदेश दे दिया गया था, कितने मामले अनिर्णित पड़े है;

(ख) जांच के बाद दुकानों को उनके उचित मालिकों को देने सम्बन्धी 1970 के निष्क्रांत सम्पत्ति के कस्टोडियन जनरल के आदेशों के अनुसरण में निष्क्रान्त सम्पत्ति के प्रादेशिक कस्टोडियनों

द्वारा अभी कितने मामलों की जांच करनी शेष है और क्या उक्त भूमि पर बनाई गई कोई दुकान उसके मालिक को दी जा चुकी है, और यदि हां, तो ऐसे मामलों की संख्या कितनी हैं; और

(ग) कितने मामलों में मालिकों ने मामलों को निपटाने में विलम्ब करने के बारे में प्रधान मंत्री को अपील की है और ऐसी अपीलों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) और (ख). इस प्रकार का कोई मामला कस्टोडियन जनरल, नई दिल्ली के पास लम्बित नहीं पड़ा है। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के राज्यों में स्थित उन निष्क्रांत सम्पत्तियों और कृषि भूमियों से संबंधित रिकार्ड, जिनका अभी निपटान होना बाकी हैं इन राज्य सरकारों के साथ की गई वित्तीय तथा प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसरण में संबंधित राज्य सरकारों को हस्तान्तरित कर दिये गये हैं। इस प्रकार के मामलों का निपटान करने के लिए राज्य सरकारों के अधिकारियों को निष्क्रांत सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 के अंतर्गत आवश्यक शक्तियां प्रदान कर दी गई है। इन राज्यों में निष्क्रांत सम्पत्ति के अभिरक्षकों (कस्टोडियन्स) से जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा की मेज पर रख दी जायेगी।

(ग) निष्क्रांत सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम में की गई व्यवस्था के अधीन केन्द्रीय सरकार के पास कोई अपील नहीं की जाती। उक्त अधिनियम की धारा 54 के अधीन केन्द्रीय सरकार पर्यवेक्षण सम्बन्धी शक्तियों का प्रयोग करती है। जहां तक उन मामलों का सम्बन्ध है जिनमें मालिकों ने निपटाने में होने वाले विलम्ब के विरुद्ध अध्यावेदन दिए है, जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा की मेज पर रख दी जायेगी।

———

उड़ीसा में लोह अयस्क खनन उद्योगों के लिए केन्द्रीय मजूरी बोर्ड की सिफारिशों की क्रियान्विति

3435. **श्री डी. के. पंडा** : क्या **श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में विशेषकर बारबील क्षेत्र में, लौह अयस्क खनन उद्धोगों के बारे में केन्द्रीय मजूरी बोर्ड की सिफारिशें लागू हो गई है;

(ख) यदि हां, तो कब; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और इन्हें शीघ्रता से कार्यान्वित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) बारबिल क्षेत्र में 11 खानों में और सुन्दरगढ़ क्षेत्र में 2 खानों में, सिफारिशों को पूर्णतः कार्यान्वित किया जा चुका है।

(ख) पहली जनवरी, 1967 से ।

(ग) बारबिल और राज्य के अन्य क्षेत्रों की शेष खानों में, प्रोत्साहन और सलाह द्वारा कार्यान्वित को सुनिश्चित करवाने के प्रयास जारी हैं ।

———

भिलाई इस्पात कारखाने की प्लेट मिल के लिये डिजाइनों का आयात

3436. **श्री बरके जाजं** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिलाई इस्पात कारखाने के विस्तार कार्यक्रम हेतु वहां पर लगाई जाने वाली प्लेट मिल के लिये डिजाइन रेखा चित्रों और निर्माण शाप रेखाचित्रों का आयात करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) उनकी अनुमानित लागत क्या है और सेंट्रल इंजीनियरिंग एण्ड डिजाइन ब्यूरो इस कार्य के लिये कितनी धन-राशि लेगा ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) आजकल केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो, भारी इंजीनियरी निगम और सोवियत विशेषज्ञों का एक दल संयुक्त रूप से इस बात का पता लगा रहे हैं कि भिलाई इस्पात कारखाने के विस्तार कार्यक्रम के लिए रूपांकन कार्य किस सीमा तक भारत में केन्द्रीय इंजीनियरी औ रूपांकन ब्यूरो तथा भारी इंजीनियरी निगम द्वारा किया जायेगा । संयुक्त रूप से यह अध्ययन पूरा हो जाने के पश्चात ही भिलाई में लगाई जाने वाली प्लेट मिल के लिए रूपांकन तथा निर्माण के नक्शों के आयात करने के बारे में विचार करना संभव हो सकेगा ।

(ख) अभी तक इसका हिसाब नहीं लगाया गया है ।

Filing up of Posts in Drilling Department of Khetri Copper Project

3437. SHRI SHIVNATH SINGH : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to stase :

(a) whether 95 candidates were selected for the various posts in the Drilling Department of Khetri Copper Project some months back but none of them has been appointed so far ;

(b) whether the Management of the said Project informed the Employment Exchange, Jhunjhunoo about the selection of the said candidates against the posts in the Drilling Department of the Project ;

(c) whether after receiving the information the Employment Exchange, Jhunjhunoo struck off, the registration of the said candidates, as a result of which these candidates can neither go to the Employment Exchange nor have they been appointed in the Khetri project ; and

(d) if so, the reasons therefor and the authorities responsible for this policy ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) In May 1971, 95 candidates sponsored by the Employment Exchange, Jhunjhunu, were selected for inclusion in a panel for appointment to the posts of Drillmen at the Khetri Copper Project against future vacancies. However, none of these candidates could be offered an appointment in the Project.

(b) The Employment Exchange, Jhunjhunu, was informed that these candidates have been kept on panel and were to be considered against the future vacancies in the cadre.

(c) It is understood that on receipt of information regarding empanelment from the Khetri Copper Project, the Employment Exchange, Jhunjhunu struck off the registration of these candidates. However, in February, 1972, when Hindustan Copper Ltd. completed a comprehensive study of their drilling requirements, it was possible to effect a considerable reduction in the quantum of diamond drilling to be undertaken by Hindustan Copper Ltd. and hence these candidates could not be offered appointment as drillmen. The Company advised the Employment Exchange accordingly and requested that these candidates may be sponsored for alternate jobs.

(d) The entire ore reserve estimation and mining programme of Khetri and Kolihan mines were reviewed in July-August, 1971 by U. N. D. P. expert whose evaluation contributed to a substantial increase in the ore reserves. As a result of this review, the diamond drilling requirements of Khetri and Kolihan were further assessed by the U. N. D. P. expert and it was possible to effect considerable reduction in the quantum of diamond drilling. Hence it was not considered necessary to recruit additional drillmen. However, the Company, conscious of the hardship which might have been caused to these candidates, requested the Employment Exchange to sponsor their names against future recruitment in other categories in the project.

———

Selection of Miners in Khetri Copper Project

3438. SHRI SHIVNATH SINGH : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether some labourers, whose land was acquired, were selected and imparted training for the post of Miners in Khetri Copper Project but other labourers were appointed while filling up the posts ;

(b) whether the Project authorities have framed rules for providing employment to the persons, whose lands are acquired in the interest of the Project and if so, the reasons for violating the said rules ; and

(c) the action being taken against the persons responsible for the violation of the rules ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) Some labourers, whose land was acquired, were selected and imparted training for the post of miners in Khetri Copper Project. As on date, persons whose lands have been acquired and who have completed training for the post of miners, have been issued letters of appointment.

(b) As per the Government instructions, the Project authorities have framed rules to give perference during appointments, to persons whose lands are acquired for the project. This policy is being complied with.

(c) Does not arise as the instructions are being complied with.

Report of Study Group on Khetri Copper Project

3439. SHRI SHIVNATH SINGH : Will the Minister of STEEL AND MIENS be pleased to state :

(a) whether the Study Group appointed by Government on the Khetri Copper Project has submitted its report to Government ;

(b) if so, whether the said report would be laid on the Table of the House ; and

(c) the steps taken to implement the suggestions made by the study Group for removing technical defects ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAH NAWAZ KHAN) : (a) to (c). No such Study Group was appointed by the Government on Khetri Copper Project. However, the Committee on Science and Technology (COST) in the Cabinet Sectt. had set up a Working Group on Non-Ferrous Metals and Minerals. A sub-Committee was constituted as a result of the interim report of this Group, to study the specific issues raised about the Copper Projects in the country. The Working Group and the Sub-committee submitted their reports in July, 1971 to COST, which have been considered by them. Final recommendations are now under considerations of this Ministry, in consultation with Hindustan Copper Limited. The question of laying these reports on the Table of the House does not arise at this stage.

Distribution of Publicity Material by Chinese Embassy in New Delhi

3440. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the officials of the Chinese Embassy in New Delhi had distributed some publicity material to some Indian journalists and intellectuals in December, 1971 containing a charge that India and Russia were to blame for the Indo Pak war ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto and the action taken in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) Yes, Sir. The Government is aware that the Chinese Embassy in New Delhi had distributed such news bulletins in December, 1971.

(b) The facts about Pakistani invasion of India are too well-known to need reiteration. The war was imposed on India by Pakistan by the latter's premeditated attack on 3rd December, 1971. Whatever view the Chinese Government choose to take in disregard of these patent facts, is their concern.

Government has made the position clear in statements in the U. N. and in Parliament and the facts are well understood by the international community.

तामिलनाडु में जीवन निर्वाह व्यय सूचकांक का कम होना

3441. **श्री के. बालदन्डायुतम:** क्या **श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तामिलनाडु के फरवरी, 1972 के जीवन निर्वाह सूचकांक तेजी से 38 अंक तक गिर गये थे जबकि आवश्यक वस्तुओं के वास्तविक मूल्यों में वृद्धि हुई थी जिसके परिणामस्वरूप मंहगाई भत्ते में भारी कमी कर दी गई थी और इससे राज्य में औद्योगिक अशान्ति हो गई थी; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जीवन निर्वाह व्यय सूचकांक तैयार करने के बारे में जांच करेगी ताकि जनता में व्याप्त आशंका कि इसमें कुछ गड़गड़ी की गई है, को दूर किया जा सके ?

श्रम और पुनर्वास मन्त्री (श्री आर. के. खाडिलकर) : (क) और (ख). मद्रास नगर के लिए फरवरी, 1972 हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, 1935-36—100 आधार में बदलने पर, जनवरी, 1972 हेतु सूचकांक की तुलना में 38 अंक गिर गया था। किन्तु यह कहना उचित नहीं है कि सूचकांक तब भी गिरा था जबकि आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हो रही थी। वस्तुतः, फरवरी, 1972 में बहुत सी वस्तुओं, मुख्यतः खाद्य वर्ग की वस्तुओं के मूल्य में कमी हुई थी। उदाहरण स्वरूप, चावल के औसत बाजारी मूल्य में प्रति किलोग्राम 1.40 रुपये से 1.23 रुपये तक कमी हुई। अतः विषय में कोई छानबीन करने का प्रश्न नहीं उठता।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

Calling attention to a matter of urgent Public importance

भारत में पाकिस्तानी रजाकारों के घुस आने का समाचार

श्री आर० वी० बड़े (खरगोन) : यह विवरण अभी-अभी परिचालित किया गया है।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : इसको पढ़ना भी मुश्किल है।

अध्यक्ष महोदय : ये प्रस्ताव केवल एक दिन पहले अध्यक्ष के पास पहुंचते हैं। फिर उनकी स्वीकृति दी जाती है और लगभग पौने ग्यारह बजे सम्बन्धित मंत्रालय को भेजे जाते हैं। अतः समय बहुत कम होता है। जानकारी एकत्र करने में भी कभी-कभी अधिक समय लग जाता है। फिर भी मैं कहता रहा हूं कि यह वक्तव्य माननीय सदस्यों को आधा घण्टा पहले मिल जाये।

श्री एस. एम. बनर्जी : आपको यह प्रस्ताव कल मिला था। इसका बैलट 1 बजे हुआ था और इसकी जानकारी माननीय सदस्यों को 3 बजे मिल गई थी। अतः यह बात सही नहीं है कि इस प्रस्ताव को सम्बन्धित मंत्रालय को पौने ग्यारह बजे भेजा गया था।

गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : राज्यों से सम्बन्धित मामलों के बारे में हमें राज्यों से जानकारी प्राप्त करनी होती है। कभी-कभी उनसे स्पष्टीकरण भी मांगना पड़ता है, यदि इस वक्तव्य की छपाई ठीक नहीं है तो मैं इसे पढ़ देती हूं।

SHRI R. V. BADE : Sir, I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of urgent public importance and I request that he may make a statement thereon :

"Reported infiltration of more than two thousand armed Pakistani Razakars into Bihar, Bengal and Assam."

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : सरकार का ध्यान 18 अप्रैल, 1972 को समाचार-पत्रों में छपी रिपोर्ट की ओर आकर्षित किया गया है कि बिहार में 1806 सशस्त्र रजाकारों को गिरफ्तार किया गया है। बिहार सरकार से पूछताछ की गई थी उन्होंने बतलाया है कि खबर सही नहीं है। बिहार सरकार ने यह भी सूचित किया है कि सन्थाल परगना, राजमहल पुलिस स्टेशन के प्यारेपुर दायरा क्षेत्र में 29 मार्च को 18 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे। इसी क्षेत्र में 19 और 20 मार्च के बीच की रात को बंगला देश के छः गैर-बंगाली मुसलमान भी पहले गिरफ्तार किये गये थे। 29 तारीख को गिरफ्तार 18 व्यक्तियों में से केवल नौ बंगला देश के थे। गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक के रजाकार होने का सन्देह है। इस प्रकार मार्च के उत्तरार्ध में वैध दस्तावेज न होने के कारण बंगला देश के केवल 15 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे। उनसे कोई हथियार और गोला-बारूद बरामद नहीं हुआ। हाल के सप्ताहों में सीमावर्ती राज्यों में से किसी में बंगला देश से रजाकारों की किसी घुसपैठ की भी कोई सूचना नहीं मिली है। हमारे सीमावर्ती अधिकारी पूरी तरह सजग हैं और सीमा पार से व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाये गये हैं। बिहार सरकार ने यह भी सूचित किया है कि 29 मार्च को गिरफ्तार किये गये नौ भारतीय नागरिकों के अतिरिक्त वैध यात्रा दस्तावेज के बिना विदेशी नागरिकों को अवैध शरण देने के लिए 19 तारीख की रात को तीन अन्य भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था।

SHRI R. V. BADE : It has been reported in **'Pradeep'** published from Patna that 1800 Razakars have been arrested in Santhal Pargana The Minister of State of Bihar has also told the Press correspondents that as a result of joint efforts made by the police and military, 1806 Razakars equipped with lethal weapons have been arrested who had infilterated through Bangla Desh. He has also stated that the persons giving shelter to these Razakars will be severely punished. They are inciting the activities of Naxalits. Similar news have been published in other newspapers also. These Razakars have come through Dinajpur in Bangla Desh. The border of 112 Kilometres along Dinajpur is lying unguarded. It is understood that Bihari Muslims are stall entering India. Certain unsocial elements are also there. I wanted to know as to why the reply given by the hon'ble Minister and the one given by Shri Ramesh Jha, the Minister of State in Bihar are different. My second question is as to when 1500 Pakistanis arrested in Gujarat will be repartriated ?

SHRI K. C. PANT : My reply is based on the reply received from Bihar Government. They have stated that it is not correct that 1806 Razakars have infiltrated. They say that once 18 persons were arrested and then another 9 persons were arrested. There were 9 Indians among the arrested persons. They had given shelter to them but had not informed the Goverment.

SHRI R. V. BADE : I wanted to know whether our border along Dinajapur is well protected. The people of Dinajpur say that there is no proper protection there.

SHRI K. C. PANT : It is just possible that the figure of 1806 might have been formed from 18 and 6 persons arrested in Bihar in two groups, seperately. The report published in Hindi daily **'Aryvarat'** also says that 18 armed razakars have been arrested in Rajmahal Sarai. In so far as the question of security arrangements is concerned, I had told in reply to a short notice question that Border Security Force have been asked to be more vigilant. I have visited this area recently and impressed upon the police and Border Security Force to be more vigilant.

श्री आर. के. सिंह (फैज़ाबाद) : मैं समाचार-पत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि बंगला देश सरकार द्वारा एकत्र किये गये दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी प्रशासन ने बंगला देश में 1,00,000 रज़ाकार प्रशिक्षित किये थे। भारत में गत चुनावों में भी बिहारी मुसलमानों के मामले को उठाया जाता रहा है। सरकार को इस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय षडयन्त्र से सावधान रहना चाहिये। 'ला इन्स्टीच्यूट' में भाषण देते हुए प्रो. ग्रीन ने कहा था कि हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिये कि नये देश में बिहारी मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने इसी प्रकार की और भी कुछ आपतिजनक बातें कही थीं। कुछ लोग बंगला देश और भारत के सम्बधों को बिगाड़ना चाहते हैं। इस लिये मंत्री महोदय को अधिक सतर्क रहना चाहिये।

श्री एस. एम. बनर्जी : क्या उस बैठक की अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधिपति कर रहे थे।

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : हम सीमा पर सतर्क हैं परन्तु सभा को रज़ाकारों और तथा कथित बंगाली मुसलमानों में अन्तर समझना चाहिये। रज़ाकार बंगाली भी हो सकते हैं और गैर-बंबाली भी।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : सरकार ने भारत के मुख्य न्यायाधिपति को उस बैठक की अध्यक्षता करने की अनुमति क्यों दी ?

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : मुख्य न्यायाधिपति को इस बात की जानकारी नहीं होगी अन्यथा वह उस बैठक की अध्यक्षता नहीं करते।

श्री एस. एम. बनर्जी : इस बैठक के अध्यक्ष भारत के मुख्य न्यायाधिपति थे।

अध्यक्ष महोदय : आप इस चर्चा में मुख्य न्यायाधिपति का नाम क्यों घसीट रहे हैं। 'ला इन्सीटीच्यूट ने उन्हें भाषण देने के लिये आमंत्रित किया था। इसमें उनका क्या दोष है। हमें थोड़ा सतर्क रहना चाहिये।

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : मुख्य न्यायाधिपति 'ला इन्स्टीच्यूट' के पदेन चेयरमैन हैं और वह संयोगबश वहां उपस्थित थे।

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Gwalior) : We should keep close watch on the foreigners who speak against Bangla Desh. We should not bring in the Chief Justice.

श्री एस. एम. बनर्जी : आप कई बैठकों के सभापति बनते हैं। यदि कोई विदेशी वियतनाम अथवा बंगला देश के बारे में भारत सरकार की नीतियों के विरुद्ध बात करे तो क्या आपका यह कर्तव्य नहीं होगा कि आप ऐसी गलतफहमी को दूर करें ? मुख्य न्यायाधिपति ने ऐसा नहीं किया।

अध्यक्ष महोदय : इस प्रकार की संस्थाएं सभी प्रकार के विचारों वाले विद्वानों को आमंत्रित करती हैं। कुछ वक्ता ऐसे विचार व्यक्त करते हैं जो अस्वीकार्य होते हैं परन्तु दूसरी बार कोई और वक्ता उनका खंडन कर देता है। इन बातों को चर्चा में नहीं लाया जाना चाहिए।

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK (Rohtak) : The question of infiltration has been in the news for a pretty long time. May I know whether attention of the hon'ble Minister was drawn to the infiltration taking place in Assam, Bengal, Gujarat and Bihar through press cuttings and whether he had made any enquiries from these States ? I would also like to know whether any foreign pressure is being exercised on India to take back Bihari Muslims ?

SHRI K. C. PANT : The Government is quite vigilant about it that no unauthorised person infiltrates in our territory. The Home Ministry is aware of the news published in the newspapers from time to time and we have our own agencies as well.

It would be wrong to suggest that any country is exercising pressure on us. This charge is baseless. The Razakars have been infiltrating into India even before the war, during the war and after the surrender that took place in Bangla Desh. But they have been arrested.

श्री डी. के. पंडा (भंजनगर) : सभी गैर बंगाली मुसलमानों को रजाकार बनाना उचित नहीं होगा। अमरीकी साम्राज्यवादियों द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में से एक संगठन और उनकी एजेंसियां प्रचार कर रही हैं कि बंगला देश में गैर-बंगाली मुसलमानों को परेशान किया जा रहा है और उन्हें बंगला देश छोड़ने पर विवश किया जा रहा है। क्या सरकार ने इस बात की ओर बंगला देश सरकार का ध्यान आकर्षित किया है और क्या इस सम्बन्ध में कोई और कार्यवाही की गई है ?

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : बंगला देश सरकार ने इस प्रकार का कई बार खण्डन किया है कि बंगला देश सरकार गैर-बंगाली मुस्लमानों को परेशान कर रही है। बंगला देश के प्रधान मंत्री ने

कई बार इस आशय के वक्तव्य दिये हैं कि उनकी शासन व्ययवस्था में प्रत्येक नागरिक के साथ एक जैसा व्यवहार किया जायेगा। अतः इसमें बंगला देश सरकार का ध्यान आकर्षित करने वाली कोई बात नहीं है। बंगला देश में रहने वाले सभी लोगों को इसी भावना से कार्य करना चाहिये।

श्री डी. के. पंडा : इस बात का कैसे पता लगाया जायेगा कि अमुक व्यक्ति रज़ाकार है अथवा निर्दोष गैर-बंगाली मुसलमान है ?

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : जो व्यक्ति वैध यात्रा पत्रों के बिना हमारे देश में दाखिल होता है, उसे गिरफ़्तार कर लिया जाता है। इससे स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

SHRI SHASHI BHUSHAN (South Delhi) : I want to know the agency which is responsible for the propaganda that Bihari Muslims living in Bangla Desh are being harassed ? It has already been stated by the Foreign Minister of that country that these people are leading a peaceful life there. It is being proporgated that Razakars are infiltrating into India. May I know as to what is the difference between Hindu Razakars and Muslim Razakars ? Hindu Razakars are creating an atmosphere of fear and I want to know the steps being taken to counter such propaganda ?

SHRI K. C. PANT : I agree with the hon'ble Member that while making statements we should be careful that an atmosphere of fear is not created. If the news are exaggerated the atmosphere will be spoiled.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Gwalior) : The hon'ble Minister should contradict as and when such news are published.

लोक-लेखा समिति
PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

36वां प्रतिवेदन

श्री सेझियान (कुटबाकोणम) : मैं नौवहन और परिवहन मंत्रालय के संबंध में विनियोग लेखे (सिविल) 1969-70 और भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के वर्ष 1969-70 के प्रतिवेदन, केन्द्रीय सरकार (सिविल) और लेखापरीक्षक प्रतिवेदन (सिविल) 1970, के बारे में लोक लेखा समिति का 36वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

अनुदानों की मांगें 1972-73
Demands for Grants 1972-73

गृह मंत्रालय

अध्यक्ष महोदय : अब सभा में गृह मंत्रालय की मांगों पर चर्चा की जायेगी। जो सदस्य कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं वे अपने कटौती प्रस्तावों पर्चिया 15 मिनट के भीतर सभा-पटल पर भेज दें।

गृह मंत्रालय की वर्ष 1972-73 को अनुदानों की निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गईं :

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
37	गृह मंत्रालय	1,39,76,000
38	मंत्रि-मण्डल	70,60,000
39	कार्मिक विभाग	3,84,61,000
40	पुलिस	92,36,38,000
41	जनगणना	3,37,78,000
42	सांख्यिकी	4,34,77,000
43	प्रादेशिक और राजनीतिक पेंशनें	1,89,96,000
44	गृह मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	11,93,55,000
45	दिल्ली	58,89,85,000
46	चण्डीगढ़	7,06,01,000
47	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	10,10,32,000
48	अरूणांचल प्रदेश	13,51,11,000
49	दादरा और नगर हवेली क्षेत्र	76,03,000
50	लक्षद्वीप, मिनिकोय और अमीनदीवी द्वीप समूह	2,06,69,000
51	मीज़ोरम	54,14,000
118	संघीय राज्य क्षेत्रों का पूंजी परिव्यय	22,72,60,000
119	गृह मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	2,10,42,000

श्री ज्योतिमर्य बसु (डायमंड हाबर) : मैं अपने वे सभी कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहता हूं जिनकी सूचना मैंने दे रखी है। गृह मंत्रालय की मांगों पर चर्चा के लिये आज का दिन बहुत ही उपयुक्त है क्योंकि केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस अधिनियम को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शक्ति-बाह्य घोषित कर दिया है और यह निर्णय दिया है कि संघीय विधान मंडल को ऐसा विधान पास करने का अधिकार नहीं है। न्यायाधीश ने केन्द्रीय सरकार की ओर से दिया गया संवर्ती सूची सम्बन्धी तर्क भी स्वीकार नहीं किया। अतः जब तक यह निर्णय बदला नहीं जाता

है तब तक केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस या किसी अन्य केन्द्रीय पुलिस अथवा गुप्तचर विभाग के लिए, जो किसी संघ राज्य क्षेत्र के लिए नहीं है 32 करोड़ रुपये की राशि मंजूर करना संसद के क्षेत्राधिकार से परे है। केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के मध्यम से शासक दल राज्यों में अत्याचार कराता है। इंडियन सिविल सर्विस और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण केन्द्रीय सरकार की एक अन्य ऐसी मशीनरी है जिसके माध्यम से वह राज्यों में अपनी नीतियां क्रियान्वित कराती है और राज्यों को अपने नियंत्रण में रखती है। इन अधिकारियों पर राज्य सरकारों का नियंत्रण नहीं होता। केन्द्रीय सरकार ने राज्यों में उनकी पुलिस और गुप्तचर व्यवस्था के समानान्तर अपनी केन्द्रीय पुलिस और गुप्तचर-व्यवस्था स्थापित कर रखी है। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं है उनमें केन्द्रीय सरकार की यह व्यवस्था और भी दृढ है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि केन्द्र के हाथों में राज्य कठपुतली बने हुए हैं। राज्यों में राज्यपाल-भारतीय प्रशासनिक सेवा और इन्डियन सिविल सर्विस तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस के अधिकारी गृह मंत्रालय के ऐजेंटों के रूप में कार्य करते हैं। और अब तो मुख्य मंत्रियो का चयन भी प्रधान मंत्री द्वारा किया जाता है। केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के कार्यलय स्थान-स्थान पर खुले हैं जो राजनीतिक गतिविधियों और टेलीफोनों के बारे में जासूसी करते हैं। पश्चिम बंगाल के उप मुख्य मंत्री श्री ज्योति बसु के टेलीफोन केन्द्रीय गुप्तचर विभाग द्वारा चोरी से सुने जाते थे। मंत्रि-मंडलीय सचिवालय में अनुसंधान एंव बिश्लेषण नामक एक विंग है जो जासूसी करता है और इसे अमरीकी गुप्तचर विभाग का भारतीय संस्करण कहा जा सकता है। इस यूनिट से सम्बन्धि ब्यौरा हमें प्राप्त होना चाहिए।

यदि हम केन्द्रीय पुलिस के लिए बजट में नियत राशि का अध्ययन करे तो हमें पता चलेगा कि वर्ष 1950-51 में यह राशि 3 करोड़ रुपये थीं और 1971-72 में बढ़कर यह 114.57 करोड़ रुपये हो गई। इससे स्पष्ट होता है कि हमारा देश लोकतंत्र की राह छोड़कर पुलिस राज की ओर बढ़ रहा है। अनुदान संख्या 44 'अन्य राजस्व व्यय' के अन्तर्गत 8,32,61,000 रुपये की राशि रखी गई। यह राशि भी दूसरे शब्दों में केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के लिए ही है। इसी प्रकार 'स्व-विवेकाधीन खर्चे' शीर्ष के अन्तर्गत वर्ष 1970-71 में 6,06,68,000 रुपये की राशि रखी गई थी किन्तु वर्ष 1972-73 में यह बढ़कर 13,88,00 000 रुपये कर दी गई है। केन्द्रीय पुलिस पर लगभग 130 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाती है जबकि राज्यों की पुलिस पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किये जाते हैं। अकेले पश्चिम बंगाल में केन्द्रीय पुलिस पर 1970-71 में 17,48,06,000 रुपये की राशि खर्च की गई और 1971-72 में यह बढ़कर 28 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 1965 से 1967 के बीच भी केन्द्रीय सरकार ने एक जाल फैलाया था ताकि पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों को सत्ता में अलग रखा जा सके। केन्द्रीय गुप्तचर विभाग ने अपने अधीनस्थ कार्यालयों को एक पत्र भेजा था कि पश्चिम बंगाल में होने वाली हत्याओं में साम्यवादों (मार्क्सवादी) दल के लोगों को फसाया जाये। मेरा विचार है कि पश्चिम बंगाल में यह हत्याएं अनुसंधान और विश्लेषण विंग कराता था। इनमें पुलिस और गुप्तचर विभाग दोनों का ही हाथ था। इन्होंने नक्सलवादियों से भी साम्यवादियों (मार्क्सवादियों) के विरुद्ध कार्य कराये।

यह अनुसन्धान और विश्लेषण विंग नक्सलपंथियों का प्रयोग करती है और जो कांग्रेस के लिए कार्य करने से इन्कार करते हैं, उनकी हत्या कर दी जाती है । उनको जेल में भी नहीं छोड़ा जाता । पश्चिम बंगाल में वर्ष 1971 के ग्यारह महीनों के दौरान जेलों में मारने और गोली चलाने की ग्यारह घटनाए हुई और बाकी को कन्डालोर जेल में भेज दिया गया है ।

पुलिस और गुप्तचर विभाग ने हथियार, गोला बारुद और विस्फोटक सामग्री उपलब्ध की । मगर केन्द्रीय सरकार इससे भी सन्तुष्ट नहीं है । केन्द्रीय सरकार केन्द्रीय ऐजेन्सियों को और अधिक अधिकार देना चाहती है । यही नहीं, केन्द्रीय सरकार कानून और व्यवस्था के प्रश्न को समवर्ती सूची में शामिल करके केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के कार्य क्षेत्र को व्यापक बनाना चाहती है ।

चुनाव के बाद मजदूर संघ कार्यालयों पर बलात् कब्जा दिया गया है । चालीस हत्याकांड हो चुके हैं और मजदूरों के 20,000 परिवारों को बड़ानगर, बेलियाघाट, बेलगाचिया, दम दम, टौलीगंज, जादवपुर, काशीपुर, सोनारपुर, महेशटोला और बर्दवान स्थित मकानों से निकाल दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य और अधिक समय ले सकते हैं, परन्तु उतना समय उनकी पार्टी के सदस्यों के लिए निर्धारित समय में से कम कर दिया जायगा । वह मध्यान्ह-भोजन के पश्चात् अपना भाषण जारी रख सकते हैं ।

(तत्पश्चात् लोक सभा मध्यान्ह भोजन के लिए दो बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई)

(The Lok Sabha then adjourned for lunch till fourteen of the Clock)

(मध्यान्ह भोजन के पश्चात् लोक-सभा दो बजकर चार मिनट म. प. पर पुनः समदेत हुई)

(The Lok Sabha reassembled after lunch at for minutes past fourteen of the Clock)

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
The Deputy-Speaker *in the Chair*]

उपाध्यक्ष महोदय : श्री ज्योतिर्मय बसु ।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : मैंने यहां यह प्रश्न उठाया था कि कानपुर में कपड़ा मिलों के 13,000 से भी अधिक कर्मचारियों ने 28 मार्च, 1972 से हड़ताल कर रखी है, वे खाडिलकर फार्मूला के अनुसार बोनस की मांग कर रहे हैं । उन्होंने बोनस अधिनियम के संबंध में एक फार्मूला दिया था । उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि वे इस सम्बन्ध में मुख्य मंत्री से वार्ता करेंगे । प्रधान मंत्री जी ने भी इसी प्रकार का आश्वासन दिया था । परंतु आज मुख्य मंत्री जी ने एक वक्तव्य जारी करके कर्मचारियों को बिना समझौता हुए काम पर आने को कहा है ।

कानपुर की कपड़ा मिलों के सभी कर्मचारी इन 13,000 कर्मचारियों के समर्थन में कल से हड़ताल करेंगे । मेरा अनुरोध है कि प्रधान मंत्री और श्रम मंत्री महोदय इस समस्या को सुलझायें ।

खाडिलकर फार्मूलों का पालन किया जाना चाहिए । संसदीय कार्य मंत्री महोदय इस तथ्य को ध्यान में रखें ।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने नोट कर लिया है ।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : कार्मिक संघों के साथ हुए व्यवहार के संबंध में मैं यह कहना चाहूंगा कि वामपंथी मोर्चे के समर्थक कर्मचारियों के लगभग 20,000 परिवारों को बड़ानगर, बलियाघाटा उत्तर, दम दम, टौलीगंज आदि स्थानों से उनके घरों से बलात् बे दखल किया गया है। लगभग 30,000 कर्मचारियों और वामपंथी मोर्चे के समर्थकों पर लगातार हमला किया जा रहा है। पुलिस को आदेश है कि वे इन मामलों में हस्तक्षेप न करें ।

सी. आई. टी. यू. से सम्बन्धित जिन कार्मिक संघों पर अत्याचार किये गये उनके आंकड़े इस प्रकार हैं—खरदाह में 10, बड़ानगर में 35, बेलियाघाटा में 40, दम-दम में 50 आदि। जिन कार्मिक संघों के कार्यालयों पर ब्लात अधिकार किया गया था वे हैं जैसा मजदूर यूनियन, त्रिबनी टिसस्यू फैक्टरी, श्री अन्नपूर्ण काटन मिल वर्कस यूनियन डनवार काटन मिल्स यूनियन आदि, कैटन कारपेन्टरी, बर्ड एण्ड कंपनी, दक्षिपादरी, प्रोसेस एण्ड इंजीनियरिंग लिमिटेड आदि यूनियों के कार्यालयों को लूटा गया तथा जलाया गया ।

टौलीगंज—जादवपुर क्षेत्र, आसनसोल स्थित सेन-रैले साईकल इंडस्ट्री, बैंक पुर औद्योगिक क्षेत्र आदि दोनों में कर्मचारियों को इंटक यूनियन में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया ।

एयर इण्डिया के एक विज्ञापन में लिखा गया था "एक टापू, एक नेता, एक भारत, जयहिंद। जर्मनी और इटली में भी फासिस्ट शासन के समय ऐसा कहा गया था । वहां कार्मिक संघों का दमन किया गया ।

लगभग 300 कारखानों में कार्मिक संघों के कार्य को बन्द कर दिया गया है। 1959 में केरल सरकार को पदच्युत कराने के प्रयास के बारे दिनगत फिरोज गांधी ने कहा था कि इस देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है ।

पश्चिम बंगाल में आंतक और दमन का साम्राज्य फैलाने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का बड़ा हाथ है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस शैक्षणिक संस्थाओं में तैनात की गई है । कई राज्यों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को वापिस बुला लेने की मांग की है, सीमा सुरक्षा दल ने मुर्शिदाबाद जिले में भय का वातावरण बना दिया है । अल्पसांकर वर्ग को डराया जा रहा है तथा उनके सदस्यों की पिटाई की जा रही है ।

इस देश को पुलिस राज्य की ओर ले जाया जा रहा है । गृह मंत्रालय में सबसे अधिक अनियमित रूप से लोगों को नौकरियां दी जा रही हैं । इसी के द्वारा वे गस्टापो राज्य का निर्माण कर सकते हैं । खुफिया विभाग को अब संघ लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत लाया गया है ।

यहां राजनीतिक दलों को विदेशी धन मिल रहा है तथा चुनावों में भी इसका प्रयोग हुआ है, केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने इस सम्बन्ध में जो रिपोर्ट दी थी, उसका क्या हुआ है ? इसे प्रकाशित क्यों नहीं किया गया है ?

नागरवाला कांड एक आश्चर्यजनक घटना है। एक सभ्य देश में यह कैसे हो सकता है कि केवल टेलीफोन पर आदेश मिलते ही 60 लाख रुपये किसी व्यक्ति को दे दिये जायें, जनता इस रहस्य को जानना चाहती है कि नागरवाला और इस मामले की जांच करने वाले अधिकारी की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई। मैंने कई बार ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के दौरान कहा है कि कांग्रेस दल ने यह धन चुनावों के लिए एकत्रित किया था तथा बिना उसका हिसाब दिखाये स्टेट बैंक आफ इंडिया में रखा गया था। हम इस संबंध में पूरा ब्यौरा जानना चाहते हैं।

इन 25 वर्षों के कांग्रेस राज्य में भ्रष्टाचार खूब पनपा है। संधानम समिति ने इस सम्बन्ध में विशेष सिफारिशें की थी। उन सिफारिशों का क्या हुआ है ?

कुछ संसद सदस्यों और विधायकों ने एक ज्ञापन दिया था जिस में बताया गया था कि छोटी कार परियोजना के लिए हरियाना में किस प्रकार भूमि अर्जित की गई है। समाचारपत्रों में विस्तृत रूप से यह प्रकाशित हुआ था कि किस प्रकार इस भूमि को बहुत कम मूल्य पर खरीदा गया था। हम चाहते हैं कि इस बारे में सभा को सभी तथ्यों से अवगत कराया जायें। इस सम्बन्ध में 27 अक्तूबर 1971 को जो ज्ञापन भेजा गया था उसका उत्तर अभी स्पष्ट रूप से नहीं दिया गया है। चूंकि इसमें प्रधान मंत्री तथा उनके लड़के का नाम अन्तर्गस्त है अतएव इसका स्पष्टीकरण अविलम्ब किया जाना चाहिए।

पुलिस का कार्य अपराधियों पर नियंत्रण रखना है। पर वे क्या कर रही है ? पुलिस अपराध रोकने में पूर्णतया असफल रही है। पुलिस और खुफिया विभाग के लिए बजट में प्रति वर्ष और अधिक धन की मांग की जाती है। ये सब उनको सुदृढ़ करने के लिए किया जाता है। पुलिस वस्तुतः अपने कार्य को करने में रुचि नहीं लेती है, यदि हम अपराधों के आंकड़ों को देखें तो पायेंगे कि इनकी संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

केन्द्रीय सतर्कता विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देश में घूसखोरी और भ्रष्टाचार फैल रहा है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी गैर-सरकारी पार्टियों का आतिथ्य स्वीकार करते हैं और अपना आडम्बपूर्ण जीवन-स्तर बनाए रखते हैं, आज के दैनिक समाचार पत्र "**टाइम्स आफ इंडिया**" में प्रकाशित एक लेख के अनुसार सतर्कता आयोग दुःख पूर्वक यह स्वीकार करता है कि भ्रष्टाचार सरकारी कर्मचारियों में काफी सीमा तक फैला हुआ है।

यह सरकार अपनी पूरी शक्ति अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति संघर्ष में लगा रही है। मेरा अनुरोध है कि प्रधान मंत्री दिनांक 16 मई, 1971 के "**हिन्दुस्तान टाइम्स**" में प्रकाशित "**केस आफ दी एफ्लुएन्ट पोलीसमैन**" शीर्षक के लेख को पढ़ कर बतायें कि उनका उस बारे में क्या विचार

है। दिल्ली में पुलिस थानों की नीलामी होती। पुलिस में भ्रष्टाचार व्याप्त है यदि सरकार पुलिस के माध्यम से पार्टी के हितार्थ कुछ कार्य कराती हैं तो वे उनसे आवश्यक कार्य नहीं करवा सकती।

हमारा गुप्तचर विभाग देश को गस्टापों राज्य बना रहा है। इसी लिए गुप्तचर विभाग के लिये अनुदानों की मांगों में 110 प्रतिशत वृद्धि हुई है जनता को समझ लेना चाहिए कि देश में अधिनायकवाद आ रहा है।

श्री श्याम नन्दन मिश्र (बेगम सराय): जब गृह विभाग प्रधान मंत्री के अधीन है तो उससेबड़ी आशायें की जा सकती हैं। जब प्रधान मंत्री ने इस मंत्रालय का कार्य-भार सम्भाला तो हमने सोचा था कि अब एक नया मोड़ आयगा और इस मंत्रालल को जो महत्वपूर्ण समस्याएं सौंपी जाती हैं उनके प्रति एक व्यापक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपनाया जायगा, परन्तु ऐसा नहीं हुआ। अनुभव से हम पाते हैं कि हम इस मंत्रालय के लिए प्रसंशापूर्ण शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकते। इसका उदाहरण लीजिये। दिल्ली नगर में ही आज से छः सात मास पूर्व जंतर मन्तर अभियान नायक घटना घटी जिसमें दिल्ली पुलिस का संरक्षण प्राप्त था। इसी प्रकार के अभियान बंगाल राज्य में भी हुए। उड़ीसा में भी वही कुछ हुआ। परन्तु हमारी प्रधान मंत्री इन बातों की ओर ध्यान देने की बजाय यह समझती हैं कि उनके दल के लोग गलती कर ही नहीं सकते।

निश्चय ही प्रधान मंत्री ने महान राजनीतिक सत्ता प्राप्त की है। उन्हें इसके अनुरूप ही महान राजनीतिक कार्य करने चाहिए जो देश को एकता के सूत्र में बांध सकें।

कांग्रेस अपने दल के सदस्यों के प्रति एक प्रकार का व्यवहार करती है और दूसरों के साथ दूसरे प्रकार का। उदाहरणार्थ, हरियाणा के बारे में कई ज्ञापन राष्ट्रपति को दिये गये मुख्य मंत्री के विरुद्ध जांच करने के लिये, परन्तु उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, परन्तु पंजाब में एक ही व्यक्ति के ज्ञापन पर जांच प्रारम्भ कर दी गई। गृह मंत्रालय को हरियाणा में जांच की मांग का विरोध नहीं करना चाहिए था। हरियाणा की विधान सभा के अध्यक्ष ने कहा है कि हरियाणा के चप्पे-चप्पे में भ्रष्टाचार पाया जाता है। अतः प्रधान मंत्री को चाहिए कि वह वहां के मुख्य मंत्री के बारे में लोगों के मन से भ्रम दूर करें।

नागरवाला के मामले में स्टेट बैंक द्वारा अथवा सरकार द्वारा कोई वक्तव्य दिया जाना चाहिए था और यदि संसद अनुभव करे तो न्यायिक जांच न करवाई जाये।

अध्यक्ष महोदय: आप का समय 12 मिनट का है।

श्री श्याम नन्दन मिश्र: दल-बदल सम्बन्धी समिति ने अपनी सिफारिशें दे दी हैं। उसकी अधिकांश सिफारिशें असंतोषजनक हैं, परन्तु कुछ सिफारिशों पर मतैक्य था और उन्हें लागू कर देना चाहिए था, परन्तु इस बारे में कुछ नहीं किया गया। सरकार को दल-बदल रोकने के लिये कानून बनाना चाहिए। यदि कोई पार्टी दल-बदल पर रोक नहीं लगाना चाहती तो उसे संसद में स्पष्ट रूप से ऐसा कहना चाहिए।

शासक दल दल-बदल को प्रोत्साहन देता है और दल-बदलुओं को सम्मान देता है। इस प्रकार की घटना मैसूर में घटी है।

मेरी एक शिकायत यह है कि सरकार के आदेशों से राज्यपाल के पद को जनता में बदनाम किया जा रहा है। निर्वाचन के समय राज्यपालों ने शासक दल के हित में अनेक कार्य किये। क्या उन्हें इन बातों के लिये दण्ड नहीं दिया जाना चाहिए ? अभी हाल में उड़ीसा के राज्यपाल की राष्ट्रपति द्वारा भर्त्सना की गई है।

केन्द्र-राज्य सम्बन्धों का पुनर्विलोकन किया जाना चाहिए। आज मुख्य मंत्रियों को राष्ट्रीय मामलों में साथ नहीं लिया जाता। राष्ट्रीय विकास परिषद् भी अपना प्रभाव खो चुकी है। मुख्य मंत्रियों को विदेशी मामलों की जानकारी नहीं दी जाती। उन्हें दिल्ली आने पर उचित सम्मान नहीं मिलता। इन सब बातों की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

गृह मंत्रालय की मांगों के संबंध में निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये :

भाग संख्या	क्रम संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
37	10.	श्री ज्योतिर्मय बसु	विकास प्रयोजनों की धन राशि को पुलिस और अफसरशाही पर व्यय करना।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाय
,,	11.	,,	भारतीय संघ की अखण्डता के अनुरूप राज्यों को अधिक राजनीतिक और अधिक शक्तियां प्रत्यायोजित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में असफलता।	,,
',	12.	,,	हरियाणा मंत्रिमंडल के विरुद्ध कई संसद सदस्यों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार, पक्षपात, कुनबापरस्ती के आरोपों की जांच के लिये एक जांच आयोग का गठन करने में असफलता।	,,
,,	13.	,,	उच्च पदों पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए विशिष्ट तथा प्रभावी कदम उठाने में असफलता।	,,
40	14.	,,	भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची (सूची 1) के उपबन्धों के अनुधार पश्चिम बंगाल में विस्फोटकों और बारूद के प्रयोग पर नियंत्रण रखने में असफलता।	,,

1	2	3	4	5
40	15.	श्री ज्योतिर्मय वसु	केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल तथा सीमा सुरक्षा दल का पश्चिम बंगाल में श्रमिकों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, शिक्षकों तथा सफ़ेदपोश कर्मचारियों के जनतंत्री अन्दोलनों को दबाने के लिये प्रयोग।	राशि घटा कर 1 रु० कर दी जाय।
,,	16.	,,	पश्चिम बंगाल में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के अत्याचारों को रोकने में असफलता।	,,
,,	17.	,,	केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की आनवश्यकता, क्योंकि कानून और व्यवस्था राज्य-सूची का विषय।	32,27,49,000
44	18.	,,	लोगों के लोकतांत्रिक अन्दोलनों को दबाने के लिए पश्चिम बंगाल में गृह मंत्रालय का एक विशेष कक्ष स्थापित करना।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाय
,,	19.	,,	पश्चिम बंगाल में "अनुसंधान और विश्लेषण कक्ष" नामक एक गुप्त संगठन की रचना।	,,
,,	20.	,,	पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने के लिए गुप्तचर विभाग का उपयोग।	,,
,,	21.	,,	1972 के सामान्य निर्वाचनों की पूर्वसंध्या में कलकत्ता में गुप्तचर विभाग के कतिपय सहायक अधिकारियों को तैनात करने की आवश्यकता।	,,
,,	22.	,,	गुप्तचर विभाग पर अनावश्यक व्यय।	8,32,61,000
37	36.	श्री ज्योतिर्मय बसु	केन्द्र का पश्चिम बंगाल राज्य के प्रति सभी मामलों में सौतेला रवैया।	राशि घटा कर 1 रु० कर दी जाय
,,	37.	,,	1972 के निर्वाचन में पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, त्रिपुरा और बिहार राज्यों में अपने पक्ष के हित में गड़बड़ी की जाने की विस्तृत जांच के लिए आदेश देने में असफलता।	,,

1	2	3	4	5
37	38.	श्री ज्योतिर्मय वसु	सत्ताधारी दल द्वारा एक अर्थ-तानाशही ढंग के राज्य की स्थापना की दिशा में अभियान, जो विभिन्न राज्यों में 1972 के निर्वाचन के बाद की घटनाओं से स्पष्ट होता है।	राशि घटा कर 1 रु० कर दी जाय
,,	39.	,,	सरकारी कर्मचारियों की भर्त्ती के सम्बन्ध में पुलिस से चरित्र सत्यापन कराने की पद्धति को समाप्त करने में असफलता।	,,
,,	40.	,,	राजनीतिक आधार पर बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों की बर्खास्तगी।	,,
,,	41.	,,	एक मंत्री द्वारा विपक्षी दलों के संसद सदस्यों के पत्रों के उत्तर न दिया जाना।	,,
40	49.	,,	केन्द्रीय आरक्षित पुलिस, सीमा सुरक्षा दल तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जैसे समानांतर पुलिस बल स्थापित करने और इससे राज्यों को उनकी उन शक्तियों से वंचित करना जिनकी गारंटी संविधान द्वारा दी गई है।	,,
,,	129.	,,	देश के विभिन्न भागों में जनता के बहुत बड़े भाग द्वारा तथा अनेक राज्य सरकारों द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस अधिनियम, 1949 को समाप्त कराने के लिये बार-बार उठाई गई मांग के बावजूद उस अधिनियम को समाप्त करने में असफलता।	,,
,,	130.	,,	केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनिमम, 1949 को तुरन्त समाप्त करने की आवश्यकता, क्यों कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री सव्यसाची मुखर्जी द्वारा 19 अप्रैल, 1972 को दिये गये निर्णय में, इस अधिनियम को शक्ति से बाहर और बुरा कानून घोषित किया है।	100 रुपये

1	2	3	4	5
37	23.	श्री भोगेन्द्र झा	ऐसे व्यक्तियों की सम्पत्ति जप्त करने में असफलता जिन्होंने झूठे तरीकों से सम्पति बनाई है ।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाय
,,	24.	,,	देश में संकट कालीन स्थिति को शीघ्र समाप्त करने में असफलता ।	,,
,,	25.	,,	काला धन जमा करने वालों, कर अपवंचकों तथा गैर-कानूनी महाजनों को जेल में डालने में असफलता ।	,,
,,	26.	,,	उच्च अधिकारियों को सेवा निवृत्त होने पर देशी तथा विदेशी पूंजीपतियों के अधीन नौकरी करने से रोकने में असफलता ।	,,
40	27.	,,	सामान्य जनता के प्रति पुलिस के दमनकारी रवैये तथा धनी लोगों के प्रति पक्षपात के रवैये को बदलने में असफलता ।	,,
,,	28.	,,	पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने अथवा कम करने में असफलता ।	,,
,,	29.	,,	संघ राज्य क्षेत्रों में पुलिस के सिपाहियों के वेतनमानों को बढ़ाने और उनके रहन-सहन के स्तर तथा काम की शर्तों में सुधार करने में असफलता ।	,, ,,
,,	30.	,,	पुलिस अधिकारियों का पुलिस के सिपाहियों के प्रति अपमानजनक तथा अफसरशाही का रवैया ।	
,,	31.	,,	पुरानी पुलिस संहिता को लोकतांत्रिक बनाने में असफलता ।	,,
,,	32.	,,	पुलिस के सिपाहियों द्वारा 1967 की हड़ताल में भाग लेने पर उनके विरुद्ध अदालत में दायर मामलों को वापस लेने तथा उन्हें फिर से सेवा में लेने में असफलता ।	,,

1	2	3	4	5
41	33.	श्री भोगेन्द्र झा	जनगणना के समय मैथिली-भाषी लोगों की कम संख्या दर्ज करना ।	राशि घटा कर 1 रु० कर दी जाय
45	34.	,,	दिल्ली को अलग राज्य का दर्जा देने में असफलता ।	,,
46	35.	,,	चण्डीगढ़ में केन्द्रीय प्रशासन समाप्त कर उसे पंजाब में मिलाने में विलम्ब ।	,,
37	89.	,,	राष्टपति शासन के दौरान गत फरवरी में दरभंगा जिले में बिहार विधान सभा के चुनावों के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक हजार से अधिक कार्यकर्त्ताओं को जेल में बन्द रखना ।	,,
,,	90.	,,	राष्टपति शासन के दौरान बिहार में हत्या, हिंसा और दंगे करने वाले बडे भू-स्वामियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने में असफलता ।	,,
,,	91.	,,	किसी राज्य द्वारा मांग न किये जाने पर भी उस राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों को तैनात करने से रोकने की आवश्यकता ।	,,
,,	92.	,,	राष्ट्रपति शासन के दौरान बिहार के मधुबनी अनुमण्डल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लगभग एक हजार कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को बन्दी बनाना ।	100 रुपये
,,	93.	,,	राष्ट्रपति शासन के दौरान बिहार विधान सभा के लिये गत चुनावों में मधुवनी अनुमण्डली में भारतीय कयुनिस्ट पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को बन्दी बनाना ।	,,
,,	94.	,,	बिहार में राष्ट्रपति शासन के दौरान विधान सभा के गत चुनावों के समय चुनाव एजेंटों को बन्दी बनाना ।	,,

1	2	3	4	5
37	95.	श्री भोगेन्द्र झा	बिहार में राष्ट्रपति शासन के दौरान बिस्फी तथा अन्य क्षेत्रों में चुनाव बूथों पर शांति भंग करना ।	100 रुपया
37	43.	श्री के. बालकृष्णन	राज्य की विधि और व्यवस्था की समस्याओं में सरकार का आवांछनीय हस्ताक्षेप ।	,,
,,	47.	,,	सरकार को कम से कम संघीय ढांचे का स्वरूप देने में असफलता ।	,,
37	50.	डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय	स्वर्गीय पं० दीनदयाल उपाध्यक्ष के हत्यारों को पकड़ने में असफलता ।	राशि घटाकर 1 रु० कर दी जाय ।
,,	51.	,,	हरियाणा के मुख्य मंत्री के विरुद्ध लगाये गये आरोपों के संबंध में कार्यवाही करने में असफलता ।	,,
,,	52.	,,	केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के वेतनमानों में वृद्धि करने में असफलता ।	,,
,,	53.	,,	केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के विभिन्न मुख्यालयों में समुचित आवास व्यवस्था करने में असफलता ।	,,
,,	54.	,,	राज-भाषा सम्बन्धी घोषित नीति को कार्यान्वित करने में विलम्ब तथा उपेक्षा ।	,,
